तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री

न्यूनतम 20.6 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, शनिवार 22 फरवरी 2025



गर्मी की शुरूआत होते ही सड़कों पर सजने लगी कूलर की दुकानें।



## खबर संक्षेप

### वेंकटेश परिसर में मरीजों का निशुल्क इलाज कल

**बिलासपुर।** सरकंडा सुभाष चौक स्थित वेंकटेश परिसर में रविवार 23 फरवरी को मरीजों को निशुल्क परामर्श व दवा दी जाएगी। एमडी मेडिसिन डा. अरिहंत जैन सुबह 10 से 12:30 बजे तक मरीजों को निशुल्क परामर्श देंगे।

### आरोग्य उत्सव नि:शुल्क जांच शिविर कल

**बिलासपुर।** आरोग्य उत्सव नि:शुल्क जांच शिविर का आयोजन 23 फरवरी को सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक सूर्यवंशी भवन जूना बिलासपुर में किया जा रहा है। इसमें डा. सुरभि राजगीर व डा. केके श्रीवास्तव अपनी सेवाएं देंगे। इसमें विविध रोगों की जांच कर आवश्यक परामर्श दिया जाएगा। शिविर में शुगर चेकर सभी मरीजों के लिए नि:शुल्क है। डा. सुरभि ने अधिक से अधिक लोगों से इस शिविर का लाभ उठाने का अनुरोध किया है।

### नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर कल

**बिलासपुर।** गोल बाजार स्थित हरदेव लाल मंदिर प्रांगण में 23 फरवरी को गायत्री शक्तिपीठ एवं हरदेव लाल भगवती मंदिर के सौंजन्य से नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। समिति के सदस्यों ने बताया कि शिविर में डा. शुभाशीष महतो, डा. आलोक सुल्तानिया, डा. महेन्द्र प्रसाद सामल, डा. गीता विश्वकर्मा, डा. एसबी सिंह, डा. प्रियंका नेताम, डा. शताक्षी कश्यप, डा. मोनिका पाठक अपनी सेवाएं देंगे।

# स्कूल के बाथरूम में सोडियम ब्लास्ट, छात्रा बुरी तरह झुलसी, दस बच्चों ने छिपाया था

❑ शिक्षा विभाग ने जांच के लिए बनाई कमेटी, स्कूल प्रबंधन ने पुलिस में की शिकायत

**बिलासपुर।** मंगला चौक स्थित सेंट पलोटी स्कूल में सोडियम ब्लास्ट की चपेट में आकर 10 साल की बच्ची बुरी तरह झुलस गई। घटना उस वक्त हुई जब स्कूल में परीक्षा चल रही थी। शुक्रवार की सुबह हुई इस दुर्घटना में चौथी कक्षा की छात्रा स्तुति शर्मा 23 प्रतिशत जल गई है। मामले में स्कूल प्रबंधन ने पुलिस में शिकायत की है तो शिक्षा विभाग ने जांच के लिए चार सदस्यीय कमेटी बनाई है।

इस मामले में आठवीं की 6 छात्राएं और 4 छात्र शामिल हैं। सभी के अभिभावकों से पुलिस ने पूछताछ की है। स्कूल प्रबंधन ने भी मामले में कड़ा फैसला लेने की बात कही है। हालांकि अभिभावक स्कूल प्रबंधन की लापरवाही बता रहे हैं, क्योंकि पिछले कुछ दिनों से इस तरह की घटनाएं स्कूल में हो रही थीं। इसकी शिकायत भी अभिभावकों ने की थी लेकिन ध्यान नहीं दिया गया।

घटना पर नजर डालें तो शुक्रवार सुबह करीब सवा 10 बजे क्लास चौथी की छात्रा स्तुति शर्मा लड़कियों के लिए बने टायलेट पहुंची और फ्लश दबाया। इसके साथ ही जोर से ब्लास्ट हुआ। धमाका इतना जबरदस्त था कि स्टूडेंट बुरी तरह झुलस गई। आवाज सुनने के साथ ही टीचर और दूसरे स्टाफ बाथरूम की तरफ दौड़े। वहां टॉयलेट के अंदर से बच्ची के चीखने की आवाज आ रही थी और वह मदद के लिए आवाज लगा रही थी। शिक्षकों ने बच्ची को टायलेट से बाहर निकालने की कोशिश की लेकिन दरवाजा अंदर से बंद था। मशक्कत के बाद दरवाजे को तोड़ा गया और टीचरों ने अंदर जाकर देखा तो छात्रा फर्श पर बुरी तरह झुलसी हुई पड़ी थी। छात्रा को फौरन निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। छात्रा के अभिभावको में गुस्सा है तो दूसरे पैरेंट्स भी नाराज हैं। अभिभावकों ने इस हरकत को अंजाम देने वाले को सजा देने की मांग की है। पैरेंटस चेतन गुप्ता और अन्य ने कहा कि सीसीटीवी की जांच की जाए। साथ ही, इस हरकत को अंजाम देने वाले को सजा दी जाए।





### पुलिस ने की शिक्षकों छात्रों से पूछताछ

स्कूल में परीक्षा चल रही है। शुक्रवार को बच्चे परीक्षा देने स्कूल आए थे। वहीं क्लास 4 की छात्रा स्तुति भी एग्जाम दे रही थी। इसी दौरान करीब सवा 10 बजे टॉयलेट गई। टायलेट में बच्ची ने फ्लश दबाया तो जोरदार धमाका हुआ। धमाके की आवाज सुनकर पूरे स्कूल में अफरा-तफरी मच गई। इधर, स्कूल प्रबंधन ने इस घटना की जानकारी सिविल लाइन थाने की पुलिस को दी है। मौके पर पहुंची पुलिस को मौके से एक सिल्वर पैकिंग का चिथड़ा मिला है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने मामले में स्कूल के शिक्षकों के साथ ही कुछ छात्र- छात्राओं से पूछताछ की है। सभी स्टूडेंट नाबालिग है इसलिए स्कूल प्रबंधन और पुलिस भी अधिक जानकारी देने से इनकार कर रही है।



घटना के बाद स्कूल परिसर में छात्र-छात्राओं के परिजन।

### सोडियम की खुले बाजार में बिक्री पूरी तरह प्रतिबंधित

पुलिस हालांकि यह जानने की कोशिश कर रही है कि यह सोडियम कहीं आनलाइन तो नहीं मंगाया गया था। इसके साथ ही यदि बिलासपुर के किसी दुकान से यह सोडियम खरीदा गया है तो उसकी भी जानकारी ली जा रही है। यहां ध्यान रखना होगा कि सोडियम की खुले बाजार में बिक्री पूरी तरह प्रतिबंधित है। सोडियम को खुली हवा में नहीं रखा जा सकता क्योंकि यह बहुत प्रतिक्रियाशील धातु है। अटल यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर तरुण धर दीवान के मुताबिक हवा में मौजूद नमी के साथ मिलने पर यह सोडियम हाइड्रॉक्साइड बनाता है इसलिए, आकस्मिक आग और दुर्घटनाओं को रोकने के लिए, सोडियम को मिट्टी के तेल में डूबा कर रखा जाता है। आहार में सोडियम की मात्रा को सीमित करने की सलाह दी जाती है।

### सोडियम लाकर फाइल पेपर बाथरुम में छिपाया

इस मामले में स्कूल की आठवीं की 6 छात्राएं और 4 छात्रों के शामिल होने की बात सामने आ रही है। स्कूल के प्रिसिंपल एस कुमार के मुताबिक जिस बाथरूम में घटना हुई है वह सिर्फ लड़कियों के लिए है। लड़के या छात्रों को वहां जाने की अनुमति तक नही हैं। प्रिंसिपल के मुताबिक स्कूल प्रबंधन की प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि आठवीं कक्षा की कुछ छात्राओं ने बाहर से सोडियम मंगाया और उसे फाइल पेपर में लपेटकर बाथरूम में छिपा दिया। इसमें स्कूल के आठवीं के छात्रों ने उनकी मदद की है। हालांकि यह अभी साफ नहीं हो सका है कि आखिर यह सोडियम किसलिए मंगाया गया था। पूछताछ में आठवीं क्लास के बच्चों ने बताया कि उन्होंने बस मस्ती और क्यूरोसिटी के तहत इस हरकत को अंजाम दिया है।

### जांच टीम गठित

यह गंभीर घटना है। इसको संज्ञान में लेते हुए शिक्षा विभाग ने चार सदस्यीय टीम गठित की है। इसमें अल्का अग्रवाल (प्राचार्य चांटीडीह स्कूल), अर्चना जोशी (प्राचार्य मोपका स्कूल), डा. रीता यादव (प्राचार्य कुदूदण्ड स्कूल) और डा. मोहन पटेल (प्राचार्य राजेन्द्र नगर स्कूल) शामिल हैं। यह टीम शनिवार को स्कूल पहुंचकर मामले में रिपोर्ट तैयार करेगी। इसके साथ ही स्कूल के प्राचार्य को नोटिस जारी किया गया है।

- **पी दासरथी,** प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी

# सारनाथ व नौतनवा एक्सप्रेस 26 तक रद्द

**बिलासपुर।** कुंभ के समापन के पूर्व रेलवे ने एकबार फिर सारनाथ एक्सप्रेस का परिचालन रद्द कर दिया है। अब यह ट्रेन 26 फरवरी तक नहीं चलेगी। इसी तरह दुर्ग नौतनवा एक्सप्रेस का परिचालन भी 26 फरवरी तक के लिए रद्द कर दिया गया है। प्रयागराज की ओर जाने वाली ट्रेनों के लगातार रद्द होने से तीर्थयात्री निराश हैं।

रेलवे ने परिचालनिक कारणों से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने इन गाड़ियों का परिचालन रद्द रहने की जानकारी दी है। इसके अनुसार गाड़ी संख्या 15160 दुर्ग–छपरा सारनाथ एक्सप्रेस 22, 23, 24, 25 एवं 26 फरवरी को,वहीं दुर्ग से चलने वाली गाड़ी संख्या 15160 दुर्ग-छपरा सारनाथ एक्सप्रेस रद्द रहेगी। इसी प्रकार विपरीत दिशा में भी गाड़ी संख्या 15159 छपरा–दुर्ग सारनाथ एक्सप्रेस 24, 25, 26, 27, एवं 28 फरवरी को रद्द किया जा रहा है। गाड़ी संख्या 18201 दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस 26 को रद्द रहेगी। इसी प्रकार विपरीत दिशा में भी गाड़ी संख्या 18202 नौतनवा–दुर्ग एक्सप्रेस 28 फरवरी को रद्द रहेगी। उल्लेखनीय है कि सारनाथ एक्सप्रेस पूर्व से ही तीन दिनों के लिए रद्द की गई थी, इससे हजारों की संख्या में तीर्थ यात्रा करने जाने वालों ने अपनी टिकट रिफंड की है। अब सारनाथ एक्सप्रेस का परिचालन 26 फरवरी तक रद्द रहने से यह तय हो गया है कि तीर्थयात्री कुंभ के समापन तक लोग प्रयागराज नहीं जा पाएंगे।

# फरवरी में तप रहा सूरज

**बिलासपुर।** फरवरी में अधिकतम के साथ ही न्यूनतम तापमान में जबरदस्त बढ़ोत्तरी हो चुकी है। रात में पारा 20.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जिससे ठंड गायब है और उमस भरी गर्मी महसूस हो रही है। पिछले 10 सालों में फरवरी का अधिकतम तापमान 36 डिग्री के आसपास दर्ज किया जाता है।

सूरज की तपिश धीरे-धीरे बढ़ने लगी है, धूप में निकलने पर तीखी किरणों का सामना करना पड़ रहा है, अब तक बिलासपुर में आल टाइम रिकार्ड के अनुसार साल 2009 में अधिकतम तापमान 38.2 डिग्री दर्ज किया गया है, वहीं बीते 10 सालो में साल 2015 को अधिकतम तापमान 37.1 डिग्री रहा है। इस साल भी पारा बढ़ने की आशंका बनी हुई है।

### साल 2015 में 37 डिग्री दर्ज किया गया था तापमान



10 साल के आंकड़े

| साल | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| 2024 | 34.2 | 12.2 |
| 2023 | 35.7 | 11.2 |
| 2022 | 33.6 | 9.4 |
| 2021 | 36.2 | 9.8 |
| 2020 | 31.6 | 10.4 |
| 2019 | 35.7 | 10 |
| 2018 | 36 | 10.8 |
| 2017 | 36 | 11 |
| 2016 | 37.1 | 12 |
| 2015 | 36.8 | 10 |




## श्री शिवम – 22 वर्षों का विश्वास, आपका साथ, हमारी पहचान !

आज का यह विशेष अवसर हमारे लिए सिर्फ एक सालगिरह नहीं, बल्कि आपके प्रेम, समर्थन और विश्वास का उत्सव है। श्री शिवम को 22 वर्षों की इस खूबसूरत यात्रा में आगे बढ़ाने का श्रेय आपको जाता है। आपकी पसंद, आपकी निष्ठा और आपकी प्रेरणा ने हमें भारत के सबसे विश्वसनीय फैशन ब्रांड्स में से एक बनने में मदद की। 22 साल पहले, श्री शिवम की नींव एक उद्देश्य के साथ रखी गई – हर भारतीय को बेहतरीन फैशन और गुणवत्ता का अनुभव देना। यह सिर्फ एक स्टोर नहीं, बल्कि परंपरा और भरोसे का प्रतीक बन गया।

### आपके विश्वास ने हमें बनाया एक प्रतिष्ठित ब्रांड

22 साल के इस सफर में हमें गर्व है कि श्री शिवम सिर्फ एक ब्रांड नहीं, बल्कि हर उम्र और अवसर के लिए एक फैशन डेस्टिनेशन बन चुका है। आपके समर्थन से हमने देशभर में नए आउटलेट्स खोले, हर नए ट्रेंड को अपनाया और बेहतरीन शॉपिंग अनुभव सुनिश्चित किया। आपकी हर मुस्कान और हमें लगातार बेहतरीन सेवा देने की प्रेरणा देता है।

### 22वीं वर्षगांठ पर, आपके लिए एक खास उपहार

आपके अटूट विश्वास और प्यार के लिए हम सिर्फ शब्दों से धन्यवाद नहीं कहना चाहते, बल्कि आपके लिए एक खास तोहफा भी लाए हैं। 22% की विशेष छूट! इस अवसर पर, हम अपने सभी ग्राहकों के लिए 11+11% तक की विशेष छूट लेकर आए हैं, ताकि आप अपनी पसंदीदा खरीदारी को और भी खास बना सकें।

### श्री शिवम परिवार की ओर से दिल से धन्यवाद!

आपका भरोसा, हमारा गर्व !आपके साथ ये 22 साल यादगार रहे, और हम चाहते हैं कि यह सफर आने वाले दशकों तक यूं ही चलता रहे। धन्यवाद, आपके साथ 22 साल – और आगे भी अनगिनत सालों तक !

- **श्री शिवम परिवार**

*Thank you for your Love & Support!*




EXCLUSIVE *Anniversary* OFFER
FROM 22nd TO 28th FEB
22% OFF
11% Instant and the next 11% will be redeemable in the month of March.

*This offer is valid on purchases of ₹10,000 and above and is applicable only to fresh articles.

CENTRAL INDIA'S LARGEST FAMILY FASHION STORE

SHREE SHIVAM
THE TOGETHERNESS STORE

MEN | WOMEN | KIDS WEAR

**Raipur:** Beside Axis Bank, Jeevan Bima Marg, Pandri
**Durg:** Santra Badi, Station Road • **Bilaspur:** Agrasen Chowk, Link Road

NAGPUR • BHOPAL • JABALPUR • CHHINDWARA

Follow us on shreeshivamclothing shreeshivm 7222955555 | Donate Organ. Donate Life. | AMPLE PARKING SPACE

## खबर संक्षेप

### पानी की समस्या, पार्षद ने नपा अधिकारी से की शिकायत



**तखतपुर।** वार्ड क्रमांक 3 में एक सप्ताह से पानी नहीं आने पर नवनिर्वाचित वर्तमान पार्षद कोमल सिंह ठाकुर ने वार्डवासियों की शिकायत पर ने नगर पालिका अधिकारी के पास जाकर शिकायत की। साथ ही नगर में हो रही पानी की समस्या को देखते हुए बोर खराब हो जाने पर नाराजगी जताते हुए पार्षद ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को लेटर लिखकर अवगत कराया कि नगर पालिका में लोगों को कई दिनों तक पानी नहीं मिल पाता जिसके कारण वार्डवासियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। गर्मी के दिन से पहले नगर पालिका की स्थिति सुधारने के लिए पार्षद ने आवेदन देते हुए कहा कि अभी गर्मी नहीं आई है और पानी का दिक्कत चालू हो गई। प्रशासन गर्मी को ध्यान में रखते हुए स्टाफ में जल प्रदाय से संबंधित सामान रखे ताकि लोगों की समस्याओं का तत्काल निराकरण हो सके।

## निधन

### प्रेम लाल केशरवानी

**बिलासपुर।** कन्हैया होटल मुंगेली



नाका चौक निवासी प्रेम लाल केशरवानी का निधन हो गया। वे 74 वर्ष के थे। उनकी अंतिम यात्रा उनके निवास मुंगेली नाका चौक से 22 फरवरी को दोपहर 12 बजे सरकंडा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे बलराम केशवानी, लखन केशरवानी के पिता थे।

### संतोष माथुर

**मोपका।** समीपस्थ ग्राम भरवी डीह



बाजारपारा निवासी समाजसेवी संतोष माथुर का 57 वर्ष की उम्र में 19 फरवरी को आकस्मिक निधन हो गया। उनके शव यात्रा में स्वजन बंधु उपस्थित हुए और 2 मिनट का मौन धारण का श्रद्धांजलि अर्पित की। वे प्रकाश, आकाश, चंद्रप्रकाश एवं विजमा के पिता थे।

भू जलस्तर गिरने से लोगों को हो रही परेशानी

# सूखने लगे नदी-नाले, पानी की जगह पर बनीं पगडंडियां



सरगांव क्षेत्र का सूखा हुआ नाला।



नदी पर नजर आने लगे हैं पत्थर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरगांव

सुबह की ठंड भरी सिहरन अभी शरीर से हटी नहीं हैं और नदियों में जल की जगह पगडंडियां नजर आने लगीं हैं। जिन नदियों में जल भरा हुआ होना चाहिए था उनमें लोगों के चलने के लिए पगडंडियां बन गई हैं। गर्मी की धमक के साथ ही धरती की प्यास बढ़ने लगी है। जलाशयों व छोटे-छोटे तालाब सूखने लगे हैं। पानी का लेयर कम होना इस बात का संकेत है कि यही स्थिति बनी रही तो आने वाले समय में लोगों के सामने जल संकट एक बड़ी समस्या के रूप में सामने आ सकता है।

पिछले साल की तुलना में कहीं-कहीं जलस्तर एक फुट गिरा है। पिछले साल 30 से 35 फुट पर लेयर था। अब 35 से 40 पर चला गया है। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में पानी का स्तर गिरने से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। जीवनदायिनी माने जाने वाले मनियारी नदी भी सूखने लगी है। वहीं शहर के जलस्तर बनाए रखने वाला तालाब भी सूख रहा है। माना जा रहा है कि बदले पर्यावरण के कारण वर्षा की मात्रा निरंतर कम होती जा रही है जिससे भू-जल पर्याप्त नहीं हो पाता है। परिणामस्वरुप पानी का स्तर नीचे जाने लगा है। घटता जलस्तर आने वाली पीढ़ी के लिए निश्चित रुप से चिंता का विषय है। नदी, तालाब व कुंओं के सूखने का क्रम जारी है। विभागीय स्तर पर इसका आंकड़ा उपलब्ध नहीं है। सूखे कुएं व जलाशयों को जीवित करने की जरुरत है। वहीं विभागीय स्तर पर इसे बचाने की दिशा में कोई पहल नहीं की जा सकी है। जबकि जलस्तर को बचाए रखने के लिए सरकारी तालाबों का जिर्णोद्धार किया जाना चाहिए। नदी पर जलजमाव के लिए नई शासन प्रशासन स्तर नीति बनाने की जरुरत है।

### जन जागरुकता अभियान की जरुरत

जल संकट से बचाव के लिए विभागीय स्तर से जन जागरुकता अभियान चलाने की जरुरत है। वहीं जल संरक्षण पर भी काम करने की आवश्यकता है।

### धान की खेती बन सकती है मुसीबत

क्षेत्र के किसानों द्वारा फसल के रूप में सिर्फ धान का पैदावार किया जा रहा है। कृषि विभाग की मानें तो धान की फसल के पैदावार में सबसे ज्यादा जल की आवश्यकता होती है, जिसकी पूर्ति के लिए क्षेत्र में किसी भी प्रकार का सिंचाई का साधन उपलब्ध नहीं है। फसल की सिंचाई के लिए लगातार बोरवेल्स का उपयोग किया जा रहा है जिसके कारण भूगर्भिक जल स्तर में बड़ी तेजी से गिरावट आ रही है।

### जलसंकट के प्रमुख कारण

बोरवेल प्रौद्योगिकी से धरती के गर्भ से अंधाधुंध जल खींचा जा रहा है। जितना जल वर्षा से पृथ्वी में समाता है उससे अधिक हम निकाल रहे हैं। साफ एवं स्वच्छ जल भी प्रदूषित होता जा रहा है। जल संरक्षण, जल का सही ढंग से इस्तेमाल, जल का फिर से इस्तेमाल और भूजल की रिचार्जिंग पर समुचित ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इस कारण पानी की जलसंकट की स्थिति बन रही है।



# आदर्श बेलपान मेले का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

माघी अमावस्या के अवसर पर 12 फरवरी से 18 फरवरी तक बेलपान मेले का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रशासन की सहायता से नर्मदा कुंड में जलभराव की व्यवस्था की गई। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने यहां पहुंचकर नर्मदा कुंड में स्नान किया एवं पूजा-अर्चना की, जिससे मेले का वातावरण भक्तिमय बना रहा।

मंदिर व्यवस्थापक हरीश सक्सेना, आशीष सक्सेना, संजीव सक्सेना एवं उनके परिवार की ओर से सपलतापूर्वक इस आयोजन को संपन्न कराया गया मेले में मनोरंजन के लिए चार प्रकार के झूले, मनहारी दुकान, बर्तन, जूता चप्पल व कपड़े की दुकानों के साथ होटल व अन्य आवश्यक चीजों की दुकानें



लगाई गई थीं। क्षेत्र के लाखों लोगों ने इन दुकानों से अपने उपयोग की वस्तुओं की खरीदारी की। मेले में शांति व सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने प्रशासन की ओर से पुलिस के जवानों को तैनात किया गया था। साथ ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की ओर से लोगों को मुफ्त में इलाज की सुविधा भी मुहैया कराई गई। इस आयोजन को सपल बनाने में प्रशासन के साथ गांव के सरपंच, उप,रपंच तथा ग्रमवासियों का सराहनीय योगदान रहा।

## फिजूलखर्ची रोकने हनुमान चालीसा समिति की अनोखी पहल

**बिल्हा।** समाज में जन्मदिन वह सालगिरह समारोह में फिजूलखर्ची रोकने हेतु हनुमान चालीसा समिति कुटिया मंदिर बिल्हा ने अनोखी पहल की है। डॉ आरसी अग्रवाल के नेतृत्व में समिति के सम्मानित सदस्य हरीश व अनीता गुप्ते के विवाह की 22वीं सालगिरह पर मंदिर प्रांगण में भजन संध्या एवं हनुमान चालीसा के पाठ का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम में शामिल समिति के सदस्य।

पंडित कैलाश शर्मा ने दंपती को तिलक लगाकर व प्रसाद देकर आशीर्वाद दिया। इसके पश्चात गुप्ते परिवार ने केक काटकर अपनी वृद्ध 85 वर्ष की मां उर्मिला गुप्ते का आशीर्वाद लिया। सभी हनुमान भक्तों को मुंह मीठा करवाने के पश्चात आयोजित भंडारे में सब ने प्रसाद ग्रहण कर हरीश व अनीता को आशीर्वाद दिया। इस कार्यक्रम में लगभग 100 लोगों ने अपनी भागीदारी निभाई एवं सभी ने फिजूलखर्ची रोकने हनुमान मंदिर प्रांगण में ही जन्मदिन व सालगिरह मनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ आरसी अग्रवाल, पार्षद दव्य मोहन डोरिया, राजेश शर्मा, पत्रकार दव्य विनोद वर्मा, कमल गर्ग, संजय अग्रवाल, दिलीप गुप्ता, राजेश, मोनू, कन्हैया, शिवम नौबतका, राहुल शर्मा, हृदय यादव, राजकुमार प्रथम गुप्ते, यश शर्मा, नितेश देवांगन, प्रदीप, आयुष इत्यादि का सराहनीय योगदान रहा।

# कन्या शाला में 12वीं की छात्राओं को दी गई विदाई

**करगीरोड। कोटा।** शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय में संस्था की प्राचार्य आशा दत्ता के मार्गदर्शन में कक्षा 12वीं की छात्राओं को कक्षा 11वीं की छात्राओं ने विदाई दी। इस दौरान संस्था द्वारा सर्उत्कृष्ट अनुशासन व सर्वाधिक उपस्थिति के लिए विभिन्न छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

आयोजन में विविध सांस्कृतिक की प्रस्तुती दी गई एवं 11वीं की छात्राओं ने हस्त निर्मित आकर्षक पत्र, कार्ड भेंट कर 12वीं की छात्राओं को बोर्ड परीक्षा के लिए शुभकामनाएं दी। कक्षा 12 वीं छात्राओं ने अपने यादगार क्षणों के लिए संस्था को आभार पत्र भेंट किया। इस अवसर छात्राओं सहित



विदाई समारोह में शामिल छात्र-छात्राएं।

विद्यालय के सभी शिक्षक एवं कार्यालय स्टाफ की उपस्थिति रही। प्राचार्य ने आशा दत्ता ने 12वीं के बच्चों को बोर्ड परीक्षा की सफलता हेतु मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर विद्यालय में सर्वश्रेष्ठ छात्रा का पुरस्कार कक्षा 12वीं की साइंस की छात्रा कल्पना बिरको को एवं उत्कृष्ट अनुशासन का पुरस्कार श्रेया यादव 12वीं कॉमर्स एवं सर्वाधिक उपस्थिति हेतु सुमन यादव 12वीं आर्ट को प्राचार्य ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर पूरे विद्यालय परिवार के लिए प्रीति भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रचार्या आशा दत्ता प्राचार्य, शिक्षक जीएस केसर, व्हीएन पालके, अपर्णा लाल, डॉ रामबाबू गुप्ता, एसके साहू, आर सिंग, निर्मला बंजारे, मनोज श्रीवास, रक्षा दुबे, राकेश शर्मा, पद्मिनी सिंह, मनोजिनी भानु, जेपी रुव, दिलीप मिश्रा, अजीत गेरा, दीपक राजवाड़े, हेमेंद्र श्रीवास्तव, प्रसन्ना पाण्डेय, श्वेता स्वर्णकार, पंकज गन्धर्व, मनोज यादव, शारदा मिश्रा, रामकुमारी यादव, मोहनमती, अजीत यादव, लक्ष्मी यादव, सहित सभी छात्राओं का सराहनीय योगदान रहा। मंच संचालन एवं आभार व्यक्त डॉ रामबाबू गुप्ता ने किया।



**खबर संक्षेप**

## गीता दीदी की 11वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा



**बिलासपुर।** ब्रह्माकुमारीज बिलासपुर सेवाकेंद्र की पूर्व क्षेत्रीय संचालिका राजयोगिनी बीके गीता दीदी की 11वीं पुण्यतिथि के अवसर पर एक भावपूर्ण श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारीज हेमूनगर परिवार और शहर के गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया और उनकी स्मृति को नमन किया। साधना, सेवा और समर्पण की प्रेरणास्त्रोत रही राजयोगिनी बीके गीता दीदी ने अपना संपूर्ण जीवन आत्मिक जागरण, नैतिक मूल्यों की स्थापना और ईश्वरीय सेवा में समर्पित किया। उनके दिव्य व्यक्तित्व और आध्यात्मिक शिक्षाओं ने अनगिनत लोगों को शांति, प्रेम और योग के मार्ग पर प्रेरित किया। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित हेमूनगर सेवाकेंद्र की संचालिका बीके लता बहन ने उनके योगदान को याद करते हुए कहा कि उनकी शिक्षाएं आज भी लोगों के जीवन को दिशा दे रही हैं। इस अवसर पर मौन धारण कर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

## रवि कुमार मंडल रेल उपभोक्ता सलाहकार नियुक्त



**बिलासपुर।** जी रवि कुमार को दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे बिलासपुर (छग) का मंडल रेल उपभोक्ता सलाहकार सदस्य नियुक्त किया है। रवि कुमार भाजपा रेलवे मंडल में पिछले 25 वर्षों से संगठन के जिम्मेदार दायित्वों में कार्य निर्वाह कर चुके हैं। अभी नगर निकाय निगम चुनाव में वार्ड नं 69, रेल्वे परिक्षेत्र के चुनाव प्रभारी बनाए गए थे। जेडआरयूसीसी का सदस्य बनाए जाने पर उन्होंने विधायक श्री अग्रवाल का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने अपनी नियुक्ति की जानकारी बिलासपुर जिलाध्यक्ष एवं क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति दीपक सिंह ठाकुर से मिलकर अपनी नियुक्ति की जानकारी दी।

## आनंद हास्य योग केन्द्र के सदस्यों का सम्मान



**बिलासपुर।** आनंद हास्य योग के पूर्व अध्यक्ष प्रकाश जोशी एवं वर्तमान अध्यक्ष अरविंद कोन्हेर का हास्य योग दिल्ली द्वारा वर्ष 2024 का आयना अवार्ड से सम्मान किया गया है। उनका यह सम्मान भुसावल में आयोजित हास्य सम्मेलन में राष्ट्रीय स्तर पर किया गया है। आनंद लाफ्टर क्लब सम्मान के लिए उनका अभिनंदन एवं स्वागत करता है। इसी प्रकार शहर में अपना नाम राष्ट्रीय स्तर पर पहचान और सम्मान हो। आनंद हास्य योग केन्द्र के अध्यक्ष ने बताया कि क्लब के सदस्यों की ओर से उनका अभिनंदन और स्वागत किया गया।

## पंचायत चुनाव के द्वितीय चरण के मतदान का परिणाम कल

**बिलासपुर।** त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 के तहत पंचायत सदस्यों के लिए द्वितीय चरण में बिल्हा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 1 से 5 में 20 फरवरी को हुए चुनाव के बाद सारणीकरण एवं परिणाम की घोषणा जिला पंचायत सभाकक्ष में 23 फरवरी को सुबह 10.30 बजे से होगी। सारणीकरण का कार्य जिला पंचायत के रिटर्निंग अफसर संदीप कुमार अग्रवाल और सहायक रिटर्निंग अफसर वंदना गबेल की उपस्थिति में संपन्न होगी। सारणीकरण कार्य में निर्वाचित जिला पंचायत के सदस्यों के परिणाम की घोषणा की जाएगी। साथ ही निर्वाचन प्रमाण पत्र रिटर्निंग अफसर श्री अग्रवाल द्वारा दिया जाएगा।

# अपनी मातृभाषा में कार्य करने से हमें सफलता मिलती है : कुलपति दुबे

**बिलासपुर।** डॉ.सी.वी रमन विवि में तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाया गया। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें सभी भाषाओं में कविता पाठ कहानी पाठ निबंध लेखन पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में विद्यार्थी और प्राध्यापकों ने हिस्सा लिया।

- **डॉ.सी.वी.रमन विश्वविद्यालय में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस**

यह आयोजन छत्तीसगढ़ी भाषा एवं साहित्य विभाग छत्तीसगढ़ी शोध एवं सृजन पीठ, छत्तीसगढ़ी संजोही भारतीय ज्ञान परंपरा केंद्र छत्तीसगढ़ी कला एवं संस्कृति केंद्र वन माली सृजन पीठ एवं आइक्यूएसी द्वारा आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सेवा भारती के अध्यक्ष प्रदीप देशपांडे ने कहा आज हम अवलोकन करें तो पता चलता है कि हम आजाद तो हुए, लेकिन यह स्वाधीनता अधूरी है, जितने भी देश स्वतंत्र हुए गुलामी के पश्चात स्वतंत्र हुए। उन पर आज पश्चिमी सभ्यता व संस्कृति का रंग हमको देखने को मिलता है। मुख्य वक्त डॉ हीरालाल शर्मा ने कुलाधिपति संतोष चौबे की प्रशंसा करते हुए कहा कि विश्व स्तर पर भाषा पर उनका कार्य प्रशंसनीय है। वक्ता डॉ बृजेश सिंह ने कहा कि देश का विकास अपनी मातृभाषा में संभव है। कुलपति प्रोफेसर आरपी दुबे ने कहा मातृभाषा में



कार्य करने से सफलता मिलती है। भाषा वह संस्कृति के परिवर्तन के प्रभाव से आज हम तेजी से भ्रमित होते जा रहे हैं। आज हमारा पहनावा पश्चिम संस्कृति से प्रभावित हो रही है। कार्यक्रम को डॉ गुरप्रीत कौर बग्गा , डॉ वेद प्रकाश मिश्रा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति का उद्देश्य बताया। कार्यक्रम में डॉ आंचल श्रीवास्तव, डॉ सृष्टि शर्मा, किशोर सिंह, डॉ. स्नेहलता निर्मलकर, डॉ. शाहिद हुसैन, प्रज्ञा शर्मा आदि मौजूद थे। इस अवसर पर कार्यक्रम में कविता कहानी व पोस्टर मेकिंग स्पर्धा में शामिल छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इसमें कविता पाठ स्पर्धा में प्रथम बृजेश मिश्रा, द्वितीय सौरभ वहीदार, तृतीय खुशी वस्त्रकर, कहानी पाठ में प्रथम ह्यूमन लाल दास, द्वितीय बृजेश मिश्रा एवं तृतीय मुस्कान रही।

# मातृभाषा मां के समान भाव का पोषण करती है : कुलपति प्रो. चक्रवाल

बिलासपुर। गुरु घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में 21 फरवरी को अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस का आयोजन किया गया। इस वर्ष मातृभाषा दिवस की थीम भाव एक, भाषाएं अनेक हैं। विवि के प्रशासनिक भवन के सभा कक्ष में

- **सीयू में अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर कार्यक्रम**

आयोजित कार्यक्रम में विवि के कुलपति प्रो आलोक कुमार चक्रवाल ने कहा कि मातृभाषा मां के समान भाव का पोषण करती है। हमें सभी भाषाओं का सम्मान करना चाहिए। भाषा का अपना इतिहास, संस्कृति और व्याकरण होता है, जिसके संरक्षण की जरूरत है। मातृभाषा व्यक्ति को सीधे आंतरिक भाव से जोडती है। हमारे दिमाग की क्षमता असीम है जिसमें कई भाषाओं की सीखने की योग्यता है। हमें निरंतर नवीन भाषाओं को सीखने, अध्ययन एवं संरक्षण पर कार्य करना चाहिए। मुख्य अतिथि नीरज जज्ञासी ने कहा कि भारत में भाषाई सांस्कृतिक विविधता है। उन्होंने कहा कि मातृभाषा जीवन की नीव है। उन्होंने सिंधी भाषा के इतिहास एवं विकास पर प्रकाश डाला। उन्होंने सिंधी भाषा के विस्तार के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।



### विभिन्न भाषाओं में पुरातन ज्ञान समाहित

विवि के कुलसचिव प्रो. ए.एस. रणदिवे ने कहा कि भारत की विभिन्न भाषाओं में पुरातन ज्ञान समाहित है। हमारी मातृभाषा ज्ञान के प्रवाह का माध्यम है। उन्होंने कहा कि हमें ज्यादा से ज्यादा भाषाओं का अध्ययन करना चाहिए। प्रो. गौरी त्रिपाठी ने अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आजादी की लड़ाई में हिंदी के साथ–साथ अन्य भारतीय भाषाओं ने विशेष योगदान दिया। प्रो. अमित कुमार सक्सेना ने अतिथियों का स्वागत उदबोधन दिया। कार्यक्रमों के उद्देश्यों पर अखिलेश तिवारी ने प्रकाश डाला। अतिथियों को स्मृति चिन्ह भें कर सम्मान किया गया। धन्यवाद ज्ञापन प्रो. शैलेन्द्र कुमार ने तथा संचालन डा. प्रिंसी मतलानी ने किया।

अब तक के चुनाव में जिला पंचायत में आगे चल रही भाजपा

# दूसरे चरण में बिल्हा क्षेत्र से भाजपा के 3 जिला पंचायत सदस्य जीत रहे चुनाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत बिल्हा क्षेत्र में हुए चुनाव के रूझान आने लगे हैं। बिल्हा अंतर्गत जिला पंचायत के पांच क्षेत्रों में तीन भाजपा के सदस्य चुनाव जीतकर आ रहे हैं, जबकि एक-एक कांग्रेस और निर्दलीय सदस्य चुनाव जीत रहे हैं। इस तरह से देखा जाए तो जिला पंचायत चुनाव में भाजपा अभी तक कांग्रेस से आगे चल रही है।

- **अनिता शुक्ला व स्मृति श्रीवास ने दर्ज की जीत**

बिल्हा क्षेत्र में गुरुवार को त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दूसरे चरण में मतदान हुआ। मतदान के बाद मतदान केन्द्रों में ही देर रात तक मतों की गणना की गई। इससे किस-किस प्रत्याशी को कितना-कितना वोट मिले हैं इसकी जानकारी मिल गई है और इसके आधार पर रूझान भी आने लगे हैं। बिल्हा ब्लॉक में जिला पंचायत के पांच निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 27 प्रत्याशी मैदान में थे। क्षेत्र क्रमांक 1 से भाजपा समर्थित अनुसुईया जागेन्द्र कश्यप चुनाव जीत रही हैं, जबकि इस निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस समर्थित सुनीता कौशिक सहित हेमलता साहू, सुनीता कश्यप चार प्रत्याशी मैदान में थे। क्षेत्र क्रं. 2 से भी भाजपा समर्थित प्रत्याशी राजेश सूर्यवंशी चुनाव जीत रहे हैं, उनके विरूद्ध कांग्रेस के ब्लाक अध्यक्ष झगरराम सूर्यवंशी सहित आरती देवी कौशिक, भूपेन्द्र भारद्वाज, दीनबंधु कोरी, गोदावरीबाई, शैलेन्द्र सोनी 6 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे थे। राजेश सूर्यवंशी पहले भी जिला पंचायत सदस्य रहे चुके हैं।





### अंतिम चरण में कोटा व तखतपुर के मतदाता करेंगे कल मतदान

पंचायत चुनाव के तृतीय एवं अंतिम चरण में 23 फरवरी को जनपद पंचायत कोटा एवं तखतपुर में चुनाव होंगे। कोटा एवं तखतपुर ब्लॉक में निर्वाचन संबंधी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। कोटा में 104 एवं तखतपुर में 124 ग्राम पंचायत हैं। जिनमें 697 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। इसमें कोटा के 299 एवं तखतपुर के 398 मतदान केंद्र शामिल हैं। कोटा में कुल 75 हजार 51 पुरुष मतदाता एवं 75 हजार 852 महिला मतदाता और 5 तृतीय लिंग के मतदाता हैं। इसी प्रकार तखतपुर में मतदान सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक होगा।

### बिल्हा जनपद में भाजपा को बहुमत

दूसरे चरण के चुनाव में बिल्हा जनपद में मतदान हुआ है। बिल्हा जनपद चुनाव के रूझान के अनुसार भाजपा को बहुमत मिलने जा रहा है। बिल्हा जनपद पंचायत में कुल 25 सदस्यों की सीट है, जिसमें लगभग 20 सीट भाजपा समर्थित प्रत्याशी जीत रहे हैं, जबकि शेष पांच सीटों में कांग्रेस और बसपा के प्रत्याशियों के झोली में गया है। इस तरह से बिल्हा जनपद पंचायत में भाजपा की बाडी बन रही है।

क्षेत्र क्रं. 3 से त्रिलोक श्रीवास की पत्नी श्रीमती स्मृति श्रीवास निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव जीतकर दूसरी बार जिला पंचायत सदस्य बनने जा रही हैं। इस क्षेत्र से भाजपा समर्थित तुलसी साहू एवं कांग्रेस समर्थित कल्पना कनेरी समेत आशा पाण्डेय, मीना, मुस्कान भगवती पटेल, उषा योगेश सोनी 7 प्रत्याशी चुनाव में थे। क्षेत्र क्रं. 4 कांग्रेस नेता राजेन्द्र शुक्ला की पत्नी अनिता शुक्ला चुनाव जीतकर जिला पंचायत सदस्य बन रही हैं। क्षेत्र क्रमांक 5 से भाजपा के गोविंद राम यादव चुनाव जीत रहे हैं, उनके विरूद्ध कांग्रेस से संदीप यादव समेत भैरो चतुर्वेदी, ज्वालाप्रसाद कौशिक, कमल सन्नाडय, उत्तरा सुरेश दिवाकर कुल 6 प्रत्याशी मैदान में थे।

विजिलेंस व क्वालिटी कंट्रोल डिपार्टमेंट कर रही कार्रवाई

# कोयला गुणवत्ता में सुधार, एसईसीएल को 53 करोड़ रुपए का फायदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एसईसीएल में अक्टूबर 2024 से जनवरी 2025 के बीच कोयले की गुणवत्ता में 20% की बढ़ोत्तरी हुई है, जिससे कंपनी को लगभग 53 करोड़ का फायदा हुआ है। कोल क्वालिटी के सुधार के मिशन में एसईसीएल विजिलेन्स टीम ने क्वालिटी कंट्रोल डिपार्टमेंट तथा फील्ड ऑफिसर्स के सहयोग से सफलता पाई है।

- **अक्टूबर 2024 से जनवरी 2025 के बीच कोयले की गुणवत्ता में 20 प्रतिशत का इजाफा**

एसईसीएल सीएमडी ने बताया कि अक्टूबर 2024 में कुल 4855 सैंपल के आधार पर एसईसीएल के कोयले की क्वालिटी का ग्रेड कन्फर्मेशन 65% था। इसे देखते हुए एसईसीएल द्वारा कई सकारात्मक कदम उठाते हुए समय-समय पर सैंपलिंग प्रक्रिया की क्लोज़ मॉनिटरिंग कर इसे सुव्यवस्थित करने के लिए दिशा-निर्देश दिए गए। कंपनी में कोयला गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए कोयला भंडारण, डिस्पैच प्रक्रिया तथा सैंपल लेने की प्रक्रिया को सुदृढ़ किया गया। नतीजन जनवरी 2025 में एसईसीएल लैब में हुए टेस्टिंग अनुसार ग्रेड कन्फर्मेशन बढ़कर 83% हो गया है। इस प्रकार जनवरी 2025 में पिछले पांच वर्षों में सबसे बेहतर कोल क्वालिटी दर्ज की गई है।



एसईसीएल कोल टेस्टिंग लैब में काम करती महिला कर्मचारी।

### दीपका व कुसमुंडा का ग्रेड कन्फर्मेशन 90% से अधिक

एसईसीएल के मेगा प्रोजेक्ट्स की बात करें तो अक्टूबर 2024 में दीपका एवं कुसमुंडा का ग्रेड कन्फर्मेशन प्रतिशत 38.74 एवं 72.47 था जो जनवरी 2025 में बढ़कर 90% से अधिक हो गया। कंपनी के गेवरा, दीपका तथा कुसमुंडा मेगाप्रोजेक्ट्स को कोल क्वालिटी में सुधार से लगभग 17 करोड़ का फायदा हुआ है।

# माइनस में चल रहे कांग्रेस व टीएस सरकार को दे रहे नंबर

**बिलासपुर।** उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन का कहना है कि छत्तीसगढ़ की जनता ने कांग्रेस को सरकार से उतार दिया है और कांग्रेस माइनस में चली गई है। ऐसे में टीएस सिंहदेव अपनी पार्टी को देखने के बजाए दूसरी पार्टी को नंबर दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में नए उद्योग खोलने के लिए बहुत से प्रस्ताव आ रहे हैं।

प्रदेश के उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन शुक्रवार को बिलासपुर पहुंचे थे। इस दौरान छत्तीसगढ़ भवन में पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि निश्चित रूप से छत्तीसगढ़ की जनता का विष्णुदेव साय सरकार और प्रधानमंत्री मोदी पर विश्वास बढ़ा है, जिससे नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा पूर्णरूप से बहुमत में आई है। विधानसभा चुनाव के समय मोदी की गारंटी के रूप में जो घोषणा की गई थी, उसमें लगभग अधिकांश घोषणा पूरा हो गया है। इससे 10-10 नगर निगम समेत ज्यादा से ज्यादा नगर पालिका, नगर पंचायतों में भाजपा ने जीत हासिल की है। श्री देवांगन ने बताया कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के अभी दो चरण हुए हैं जिसमें जो रूझान आया है उसमें भाजपा के जिला पंचायत और जनपद पंचायतों में अध्यक्ष बन रहे हैं। नगरीय निकाय चुनाव में मुख्यमंत्री के क्षेत्र कुनकुरी में पराजय के प्रश्न पर श्री देवांगन का कहना है कि एकात छोटे जगहों पर चुनाव में हार को नहीं देखना चाहिए। पूर्व उप मुख्यमंत्री कांग्रेस के वरिष्ठ नेता टीएस सिंहदेव द्वारा विष्णुदेव साय की सरकार को एक साल के कार्यकाल में केवल चार अंक दिए जाने के सवाल पर मंत्री श्री देवांगन का कहना है कि अब टीएस बाबा नंबर दे रहे हैं खुद उनके पांच साल सरकार थी और छत्तीसगढ़ की जनता ने सरकार से उतार दिया। वे दूसरी पार्टी को नंबर दे रहे हैं, पहले अपनी पार्टी को तो नंबर दें।

पॉलिटिक्स प्लस

## विधायक सुशांत ने सीएम साय को दी शुभकामनाएं



**बिलासपुर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को रायपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने शिरकत कर उन्हें अपनी शुभकामनाएं दी।

## भाजपा कार्यकर्ता दीपक ने किया राशन वितरण



**बिलासपुर।** छग के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के जन्मदिन पर भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता दीपक सोनी ने अभिलाषा परिसर स्थित नेत्रहीन कन्या विद्यालय में जाकर राशन वितरण किया। इस अवसर पर श्री सोनी ने मुख्यमंत्री श्री साय के खुशहाली की कामना की।

# कालेजों में एक मार्च से होंगे एनुवल एग्जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी द्वारा मुख्य वार्षिक परीक्षा के लिए कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। इस परीक्षा में 130 कालेजों के परीक्षार्थी शामिल होंगे। पहले तीन शिफ्टों में परीक्षा होनी थी, जिसमें बदलाव किया गया है और अब दो शिफ्टों में परीक्षा होगी।

अटल यूनिवर्सिटी ने वार्षिक परीक्षा के समय-सारिणी में बदलाव किया है। प्रथम वर्ष की सेमेस्टर कक्षाएं बाधित न हो, इसलिए यह बदलाव किया गया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत स्नातक स्तर की परीक्षाएं वार्षिक आधार पर न करके सेमेस्टर आधार पर की जा रही हैं। प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों की पहले सेमेस्टर की परीक्षाएं समाप्ति की ओर है। अटल यूनिवर्सिटी द्वारा जारी समय सारिणी अनुसार प्रथम पाली की परीक्षा सुबह 7 से 10 बजे तक और दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक आयोजित होगी। 10 बजे से सेकंड सेमेस्टर की कक्षाएं संचालित होंगी।

यूनिवर्सिटी की ओर से जो परीक्षा कार्यक्रम जारी किया गया है उसके अनुसार 1 मार्च से मुख्य वार्षिक परीक्षा शुरू हो रही है जो 15 मई तक चलेगी। यूनिवर्सिटी से संबद्ध लगभग 130 कालेजों सहित यूनिवर्सिटी के शिक्षण विभाग के परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। प्रथम वर्ष की परीक्षा जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत सेमेस्टर प्रणाली से ली गई है, जिसमें अटल यूनिवर्सिटी ने पहली परीक्षा आयोजित कर परीक्षा परिणाम भी घोषित किया था। कुछ परीक्षाएं नगरीय निकाय चुनाव एवं पंचायत चुनाव के कारण तिथि में संशोधन किया गया था और परीक्षा तिथि आगे बढ़ाई गई है। उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशों के अनुसार



इस बार परीक्षाएं तीन पालियों में न होकर दो पालियों में होगी ताकि सेमेस्टर की परीक्षाओं में विद्यार्थियों को पढ़ने का मौका मिलें। द्वितीय सेमेस्टर की सैद्धांतिक परीक्षाएं जून में संभावित है, जबकि प्रायोगिक परीक्षाएं मई माह में होगी। कक्षाएं मार्च माह से शुरू हो रही है। इस कारण भी प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं समाप्त होते ही द्वितीय सेमेस्टर की कक्षाओं का संचालन कालेजों द्वारा किया जाएगा। इसके साथ ही वार्षिक परीक्षाएं भी आयोजित होगी।

### तीन की जगह दो शिफ्टों में होगी परीक्षा

राज्य शासन के अधिसूचना अनुसार यूनिवर्सिटी द्वारा मुख्य वार्षिक परीक्षा एक मार्च से आयोजित की जा रही है। परीक्षा तीन जगह अब दो शिफ्ट में होगी और होली पर्व को ध्यान में रखते हुए परीक्षा समय सारिणी बनाया गया है जिसमें त्यौहार के समय पर्याप्त अंतराल दिया गया है।

**-डॉ. तरूणधर दीवान**
परीक्षा नियंत्रक, एयू

शोक-पत्र ॐ



**डॉ. देवचरण सिंह मधुकर**
पूर्व विधायक मालखरोदा एवं मस्तूरी

अत्यंत दु:ख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि डॉ. देवचरण सिंह मधुकर (पूर्व विधायक - मालखरौदा, मस्तूरी) का स्वर्गवास दिनांक 12 फरवरी 2025, दिन बुधवार को हो गया है ।
दिवंगत आत्मा की शांति के लिए आयोजित कार्यक्रम में आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

**दशगात्र** कार्यक्रम
22 फरवरी 2025, दिन शनिवार समय दोपहर 01 बजे से
**स्थान**
गजानन मंदिर परिसर (महाराष्ट्र मंडल), परिजात कॉलोनी, नेहरू नगर, अमेरी रोड बिलासपुर (छ.ग.)

**शोकाकुल -**
किशोर, रविन्द्र, जैनेन्द्र, देवेन्द्र, डॉ. दिग्विजय, प्रेमचंद, मुकेश, सतीश, हरिहर, क्रांति एवं समस्त मधुकर परिवार

**विनीत**
**श्रीमती कौशिल्या सिंह मधुकर (पत्नि)**

**मोब.**
7987877327, 9827471404, 9399554013, 9329873202

## खबर संक्षेप



### ऐतिहासिक जीत की श्रेय जनता को: विद्यानंद

**जरहागांव।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के परिणाम आने के बाद विजेता प्रत्याशियों के यहां जौसे खुशियों बहार आ गई हो। जनपद क्षेत्र सेमरसल से तीसरी बार जनपद सदस्य के लिए जीत का ताज पहनने वाले विद्यानंद चंद्राकर के गांव मसना में उनके समर्थक गुलाल से सराबोर होकर विजय घोष लगाते हुए झूमते नजर आए। इस दौरान नवनिर्वाचित जनपद सदस्य विद्यानंद चंद्राकार ने कहा कि लोकतंत्र के कारण आम आदमी को खास बनने का अवसर मिलता है। इस जीत का श्रेय जनता को जाता है।

### आजादी के बाद पहली बार दादनकापा से चुने गए सरपंच

**जरहागांव।** लोकतंत्र के महापर्व में जनता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सरकार बनाती है एवं अपना नेता चुनती है। मुंगेली जिले की खेकतरा पंचायत के अंतर्गत आने वाले दादनकापा गांव में आजादी के इतने सालों बाद भी कोई सरपंच नहीं बना था। गांव के लेग वोट तो डालते थे लेकिन उन्हें हर बनने वाले जन प्रतिनिधि अछूता छोड़ देते थे। लेकिन समय का चक्र बदला और इस वर्ष के सरपंच चुनाव में दादनकापा से इंद्राणी ध्रुव पर विश्वास जताया गया। उन्हों जनता ने एक तरफा वोट देकर सरपंच निर्वाचित किया। सरपंच के बेटे लोकेंद्र ध्रुव ने बताया कि आश्रित ग्राम होने के कारण ग्रामवासी सच में आश्रित रहते थे। इस गांव से कभी सरपंच नहीं बनते थे लेकिन ग्राम पंचायत खेकतरा की जनता के अतुलनीय प्रेम ने उनके पिता को ऐतिहासिक जीत के साथ यहां का सरपंच बनाया है।

### यह सिर्फ मेरी नहीं बल्कि पूरे ग्रामवासियों की जीत है: वीरेंद्र



**सीपत।** ग्राम पंचायत पंधी में ऐतिहासिक जीत दर्ज करने के बाद नवनिर्वाचित सरपंच वीरेंद्र साहू ने अपने समर्थकों के साथ शुक्रवार को विजय रैली निकाल कर ग्रामवासियों का आभार जताया। महिलाओं ने आरती उतारकर पुष्पमाला और नारियल देकर उनका स्वागत किया। चौक-चौराहे पर आतिशबाजी कर ग्रामीणों ने उनका जोरदार अभिनन्दन किया। आभार रैली ब्रित्याबाबा मंदिर से शुरू हुई एवं महाराज पारा, श्रीवास पारा, हनुमान मंदिर बाड़ा, सूर्यवंशी मोहल्ला, बावापारा, खजरी से चारपारा होते हुए बेरियर चौक में समाप्त हुई।

### प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने से होता है हौसला बुलंद : विजयलक्ष्मी



**सीपत।** स्वामी आत्मानंद विद्यालय सीपत में गुरुवार को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अकादमिक सह अन्य सहगामी गतिविधियों में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को पारितोषिक वितरण किया गया, जिससे उनके उत्साह को नई ऊंचाई मिली। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्राचार्य टी विजयलक्ष्मी ने शील्ड, मेडल, प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया। हिंदी माध्यम से बेस्ट स्टूडेंट का पुरस्कार कक्षा 12वीं के विज्ञान के छात्र भूपेंद्र साहू को मिला। वहीं नीरज सूर्यवंशी तलवारबाजी में राष्ट्रीय लेवल में चतुर्थ स्थान हासिल करने पर सम्मानित हुए।

## मतदाताओं ने लोकतंत्र के महापर्व में निभाई सहभागिता

# लोरमी क्षेत्र में 75 प्रतिशत से अधिक वोटिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली



पेटी जमा करते मतदान कर्मी।

■ मतदान दल की सकुशल वापसी

त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 अंतर्गत जिले के जनपद पंचायत क्षेत्र लोरमी में द्वितीय चरण का मतदान 20 फरवरी को शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हुआ। लोरमी क्षेत्र अंतर्गत गांव की सरकार बनाने के लिए कुल 75.46 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उत्साहपूर्वक प्रयोग किया। सभी मतदाता अपने घरों से निकलकर संबंधित मतदान केन्द्र पहुंचे और निर्भिक होकर स्वतंत्र एवं निष्पक्ष रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र के महापर्व में अपनी सहभागिता निभाई।

राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल देव और पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के मार्गदर्शन में त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के लिए मतदान केन्द्रों में सभी मूलभूत सुविधाओं के साथ शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव संपन्न कराने हेतु सुरक्षा की चाक–चौबंद व्यवस्था सुनिश्चित की गई थी। मतदान समाप्ति के पश्चात मतगणना संबंधित मतदान केन्द्रों में की गई, जिसके बाद मतदान दलों की शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सारधा–लोरमी में सकुशल वापसी हुई। जहां मतदान दलों का पुष्पाहार पहनाकर स्वागत किया गया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती मेनका प्रधान ने बताया कि लोरमी जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत कुल 147 ग्राम पंचायत के लिए 439 मतदान केन्द्र बनाए गए थे। 527 मतदान दलों की ड्यूटी लगाई गई थी। द्वितीय चरण के चुनाव में 86 हजार 761 पुरूष और 84 हजार 459 महिला सहित कुल 01 लाख 71 हजार 220 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान के दौरान सभी वर्ग के मतदाताओं ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। मतदान का प्रतिशत 75.46 रहा, इनमें 75.47 पुरूष मतदाता और 75.46 प्रतिशत महिला मतदाता शामिल हैं। जनपद पंचायत लोरमी क्षेत्र अंतर्गत जिला पंचायत के 05 सीटों के लिए 27 प्रत्याशी, जनपद सदस्य के 25 सीटों के लिए 119 प्रत्याशी, सरपंच के 135 सीटों के लिए 619 प्रत्याशी और पंच के 1358 सीटों के लिए 3163 प्रत्याशी चुनाव के मैदान में थे।

### कल तृतीय चरण का मतदान

त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 अंतर्गत तृतीय चरण में जनपद पंचायत पथरिया क्षेत्र अंतर्गत 297 मतदान केन्द्रों में 23 फरवरी को मतदान संपन्न होगा। मतदान प्रक्रिया प्रातः 07 बजे से प्रारंभ होगी और दोपहर 03 बजे तक चलेगी। जिसके बाद सभी मतदान केन्द्रों में ही मतगणना की प्रकिया प्रारंभ की जाएगी। मतदान दलों को मंगल भवन पथरिया में 22 फरवरी को प्रातः 07 बजे से मतदान सामग्री वितरण किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल देव के निर्देशानुसार पथरिया जनपद क्षेत्र अंतर्गत स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन हेतु सभी तैयारी पूर्ण कर ली गई है। सभी मतदान केन्द्रों में निर्वाचन आयोग के गाइडलाइन के अनुरूप आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई है। पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के निर्देशानुसार मतदान केन्द्रों में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

### आज रवाना होगा मतदान दल



**तखतपुर।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए तखतपुर विधानसभा क्षेत्र में 23 फरवरी को मतदान होगा। तखतपुर विधानसभा क्षेत्र में चुनाव की तैयारियां जोरों पर हैं। प्रशासन की ओर से आज 22 फरवरी को सामाग्री वितरण कर मतदान दलों को रवाना किया जाएगा जिसके लिए बालक हाई स्कूल में सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। तखतपुर विधानसभा में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर बालक हाई स्कूल में प्रशिक्षण दिया गया। इस बार तखतपुर विधानसभा में सरपंच चुनाव के लिए 122 ग्राम पंचायत के लिए 521 प्रत्याशी, पंच के 1220 वार्ड के लिए 2838 प्रत्याशी एवं जनपद सदस्य के 24 पद के लिए 124 प्रत्याशी मैदान में है। वहीं जिला पंचायत की चार सीटें तखतपुर विधानसभा में आती हैं जिनका परिणाम 23 फरवरी को ही सामने आ जाएगा। विकासखण्ड में मतदान के लिए 398 बूथ बनाए गए हैं। लगभग 1592 कर्मचारी शिक्षक इस पंचायत चुनाव संपन्न कराने के लिए 22 फरवरी को विकासखंड के सभी पंचायतों के लिए रवाना होंगे। कुर्मी खाम्ही के सरपंच बने राजेश- नगर से लगे ग्राम कुर्मी खाम्ही में दो दिन पहले पंचायत चुनाव सम्पन्न हुआ था जिसमें 7 प्रत्याशी मैदान में थे। यहां राजेश जांगड़े ने सरपंच के लिए जीत दर्ज की। राजेश ने कहा कि यह मतदाताओं की जीत है जिनका प्रेम मिला है।

### भाजपा के पार्षदों ने की धरमलाल से मुलाकात



**मल्हार।** भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सहित सभी 10 पार्षदों ने चुनाव प्रभारी निखिल केशरवानी की अगुवाई में शुक्रवार को बिल्हा विधायक धरम लाल कौशिक और बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल से सौजन्य मुलाकात कर नगरी निकाय चुनाव के शांतिपूर्ण सम्पन्न होने व मल्हार में भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनने जानकारी दी। भाजपा कार्यकर्ताओ को दोनों नेताओ ने मल्हार में बेहतर तरीके से समन्वय के साथ काम करने की बात कहते हुए नगर का सम्पूर्ण विकास कराने की बात कही। इस मौके पर अध्यक्ष धनेश्वरी धनेश्वर कैवर्त, पार्षदों में सुशील चौबे, मिथुन यादव, रंजन साहू, रमेश यादव, आशुतोष वर्मा, मिलु कैवर्त, रज्जु देवार, कमलेश सिंह, मनराखन कैवर्त, रामफल कांत, रामनारायण कश्यप, धर्मेंद्र सिंह, राजकुमार वर्मा, अरविंद साहू, शमशेर सिंह उपस्थित थे।

# पथरिया जपं क्षेत्र में तीसरे चरण का मतदान

■ 297 मतदान केंद्रों में 138709 मतदाता डालेंगे वोट

**पथरिया।** राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप तृतीय चरण में जनपद पंचायत पथरिया क्षेत्र अंतर्गत 297 मतदान केन्द्रों में 23 फरवरी को मतदान होगा। मतदान प्रक्रिया सुबह 7 बजे से शुरू होगी और दोपहर 3 बजे तक चलेगी। मतदान के बाद सभी मतदान केन्द्रों में ही मतगणना की जाएगी। मतदान दलों को मंगल भवन पथरिया में 22 फरवरी को सुबह 7 बजे से मतदान सामग्री वितरण किया जाएगा।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल देव के निर्देशानुसार पथरिया जनपद क्षेत्र अंतर्गत स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन हेतु सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। सभी मतदान केन्द्रों में निर्वाचन आयोग की गाइड लाइन के अनुरूप आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के निर्देशानुसार मतदान केन्द्रों में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी मेनका प्रधान ने बताया कि पथरिया जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत 96 ग्राम पंचायत के लिए 297 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। साथ ही 16 सेक्टर अधिकारियों तथा रिजर्व सहित 356 मतदान दलों की ड्यूटी लगाई गई है। मतदान केन्द्रों तक पहुंचने के लिए 82 रूट बनाए गए हैं। तृतीय चरण के चुनाव में 70 हजार 162 पुरूष मतदाता, 68 हजार 542 महिला मतदाता और 5 तृतीय लिंग सहित कुल 1 लाख 38 हजार 709 मतदाता मतदान करेंगे।



### 2699 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला

जनपद पंचायत पथरिया क्षेत्र अंतर्गत जिला पंचायत की 3 सीटों के लिए 20 प्रत्याशी, जनपद सदस्य के 25 सीटों के लिए 129 प्रत्याशी, सरपंच के 92 सीटों के लिए 443 प्रत्याशी और पंच के 881 सीटों के लिए 2107 प्रत्याशी चुनावी मैदान में है। मतदान केन्द्रों में मतदाता अपनी पहचान सिद्ध करने के लिए वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेज जैसे मतदाता पहचान पत्र, पैन कार्ड, आधार कार्ड एवं छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा तैयार सॉफ्टवेयर एसईसीईआर द्वारा आनलाईन जेनरेटेड मतदाता पहचान पर्ची में से किसी भी एक को प्रस्तुत कर मतदान कर सकते हैं।

## किसानों को मांग के अनुरूप राशि नहीं मिलने पर अटल ने कलेक्टर को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



जिला सहाकारी बैंक मर्यादित शाखा कोटा एवं रतनपुर के खातेदार किसानों को उनकी बैंक में जमा राशि आवश्यकता पर उनकी मांग के अनुरूप प्राप्त नहीं हो पा रही है।

किसानों ने कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव से अपनी समस्या बताई जिस पर अटल ने कलेक्टर को पत्र लिखकर खाता धारकों को मांग अनुरूप राशि प्रदान करने एवं बैंक में मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने हेतु निवेदन किया है। अटल श्रीवास्तव ने पत्र में लिखा है कि वैवाहिक कार्य, इलाज एवं कृषि कार्यों हेतु आवश्यकता पड़ने पर किसानों को मांग अनुरूप राशि प्राप्त नहीं होने पर निराशा हो रही है। साथ ही उन्होंने लिखा कि बैंक में भुगतान प्राप्ति के लिए इंतजार करते किसानों के लिए छाया-पानी सहित मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। विधायक ने पत्र लिखकर समस्या का निराकरण हेतु आग्रह किया है।

## बिना सूचना अनुपस्थित रहने वाले कर्मचारियों पर हुई कार्रवाई

**कोरबा।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव व नगरीय निकाय चुनाव अंतर्गत निर्वाचन कार्य के दौरान चुनाव कार्य में बिना अनुमति एवं सूचना के अनुपस्थित रहने वाले मतदान कर्मचारियां को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कोरबा दिनेश नाग द्वारा कारण बताओ नोटिश जारी किया गया था। इस सम्बंध में कर्मचारियों द्वारा जवाब प्रस्तुत किया गया, जिसमें दो कर्मचारियों द्वारा प्रस्तुत जवाब संतोष जनक नही होने के कारण दोनों कर्मचारियों का एक वार्षिक वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकने के निर्देश दिए गए है। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार अनुपस्थित मतदान कर्मियों के अंतर्गत करतला ब्लॉक में हुए मतदान के दौरान प्राथमिक शाला करमंदी के प्रभारी प्राचार्य मिनेश कौशिक एवं नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा में हुए मतदान के दौरान अनुपस्थित रहने वाले कटघोरा के माध्यमिक शाला घुड़देवा के प्रभारी प्राचार्य श्रीमती नासिन बाई भारद्वाज शामिल है। इनका एक वार्षिक वेतनवृद्धि असंचयी प्रभाव से रोका गया है।

### शिव महापुराण कथा से होता है 21 पीढ़ी का उद्धार



**बोदरी।** मोहभट्ठा बिल्हा में 51 कुंडीय रुद्र रुद्राक्ष महायज्ञ, शिव महापुराण कथा व सवा लाख पंच मुखी रुद्राक्ष शिव लिंग दर्शन का आयोजन किया जा रहा है। कथा में गुरुदेव ने बताया कि शिव महापुराण की कथा सुनने से मनुष्य की 21 पीढ़ियों का उद्धार होता है। साथ ही उन्होंने कहा कि स्त्री को बिन बुलाए कहीं नहीं जाना चाहिए, बिन बुलाए स्त्री जहां जाती है उसका अपमान होता है। इस अवसर पर उन्होंने शिव की पत्नी सती की तीन गलतियों की कथा का विस्तार से वर्णन किया। इस महायज्ञ में सिद्ध रुद्राक्ष का भी वितरण किया जाएगा। उक्त महायज्ञ में शामिल होकर लाभ उठाने क्षेत्र के सभी लोगों को आमंत्रित किया गया है। प्रति दिन यहां 11 से 3 बजे तक विशाल भंडारे का रोग आयोजन किया जा रहा है।

### कोल इंडिया की एपेक्स जेसीसी की बैठक कोलकाता में 25 को

**कोरबा।** कोल इंडिया लिमिटेड की एपेक्स जेसीसी की बैठक 25 फरवरी को कोलकाता स्थित मुख्यालय में होगी। बैठक में कोल इंडिया के चेयरमैन, अनुषंगीक कंपनियों के सीएमडी सहित श्रमिक संगठनों से सदस्य मौजूद रहेंगे।

# लोको पायलट, रनिंग स्टाफ ने भूखे रहकर किया प्रदर्शन




प्रदर्शन करते लोको पायलट।

**पेंड्रा।** बिलासपुर रेल डिवीजन के पेंड्रारोड में लोको पायलट और रनिंग स्टाफ ने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने 21 फरवरी तक 36 घंटे की भूख हड़ताल कर प्रदर्शन किया, इस दौरान उन्होंने भूखे रहकर ट्रेनों का संचालन किया। पेंड्रा रोड लॉबी के करीब 250 कर्मचारी इस प्रदर्शन में शामिल रहे। एआईएलआरएसए संगठन के शाखा अध्यक्ष संजीव कुमार ने कहा कि रेलवे प्रशासन लंबे समय से उनकी जायज मांगों की अनदेखी कर रहा है।

### कर्मचारियों की प्रमुख मांगें हैं

- दपूमरे में लोको पायलट के 4000 रिक्त पदों पर तत्काल भर्ती
- साप्ताहिक विश्राम 46 घंटे (16+30) करना
- साइन ऑन से साइन ऑफ तक 9 घंटे की ड्यूटी
- दो लगातार नाइट ड्यूटी के बाद पूर्ण रात्रि विश्राम
- सहायक लोको पायलट को रिस्क अलाउंस

कर्मचारियों का कहना है कि उन्हें 12 से 15 घंटे काम करना पड़ता है। प्रशासनिक दबाव में ड्यूटी को दो भागों में दिखाया जा रहा है। जनवरी 2024 से अन्य केंद्रीय कर्मचारियों के **TA** में वृद्धि हुई, लेकिन रनिंग स्टाफ के किलोमीटर अलाउंस में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई। कर्मचारी ड्यूटी के बाद प्रदर्शन में शामिल हुए और ट्रेन सेवाएं प्रभावित न हों, इसका भी विशेष ध्यान रखा।

### मुझे प्रेमिका चाहिए बात खत्म नहीं तो थाने में करूंगा आत्महत्या

**कोरबा।** जिले में अजब प्रेम की गजब कहानी सामने आयी है। जिसमें अपनी प्रेमिका को पाने के लिए प्रेमी सिविल लाइन रामपुर पहुंचा और कहने लगा मुझे लड़की चाहिए बात खत्म, नहीं तो थाने में सुसाइड कर लूंगा। पुलिस युवक को समझाती रही लेकिन वह अपनी बात पर अड़ा हुआ था। जानकारी के मुताबिक रजगामार चौकी क्षेत्र अंतर्गत रिस्दी चौक निवासी आशुतोष शर्मा 23 वर्ष पिता विजय शंकर किराये के मकान पर रहता है। उसकी दोस्ती युवती से इंस्टाग्राम में हुई थी। दोस्ती धीरे-धीरे प्यार में बदल गई। इसकी जानकारी घर वालों को होने पर परिजनों ने आपत्ति जताई और परिजनों ने युवती से मिलने-जुलने और बात करने से युवक को मना कर दिया। प्यार में पागल युवक थाने पहुंचा और टीआई के सामने ही युवक युवती को दिलाने जिद करता रहा और बार-बार खुदकुशी करने की धमकी देता रहा।

**न्यायालय नायब तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

क्रमांक/क/ना.तह./वा./2025
बिलासपुर, दिनांक 21.02.2025

ग्राम तोरवा के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम तोरवा प.ह.नं. 37 तहसील बिलासपुर स्थित भूमि ख.नं. 1261/80 रकबा 0.0140 हे. हेक्टेयर/ एकड़ भूमि का छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 115 के तहत अभिलेख दुरूस्ती के लिए आवेदक रंगबहादुर पिता/ पति स्व. तीर्थराज निवासी गुरूनानक चौक तोरवा द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया।

यदि किसी व्यक्ति/ संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/ दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 10.03.2025 को सुबह 11.00 स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेगे।

आज दिनांक 21.02.2025 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

**नायब तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय नायब तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

क्रमांक/क/ना.तह./वा./2025
बिलासपुर, दिनांक 21.02.2025

ग्राम तोरवा के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम तोरवा प.ह.नं. 37 तहसील बिलासपुर स्थित भूमि ख.नं. 1261/69 रकबा 0.0140 हे. हेक्टेयर/ एकड़ भूमि का छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 115 के तहत अभिलेख दुरूस्ती के लिए आवेदक लक्ष्मी चरण वैष्णव पिता/ पति परमेश्वर दास वैष्णव निवासी हेमू नगर द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया।

यदि किसी व्यक्ति/ संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/ दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 10.03.2025 को सुबह 11.00 स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेगे।

आज दिनांक 21.02.2025 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

**नायब तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय नायब तहसीलदार,**
**तहसील व जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

क्रमांक/Q/ना. तह./वाचक/2024 बिलासपुर, दिनांक 07/02/2025
पक्षकार–सागर दुबे विरूद्ध छ.ग. शासन
मौजा– सरकण्डा, प.ह.न. 32
ई.रा.प्र.क्र..../ बी–121 / 2023–24

ग्राम सरकण्डा प.ह.न. 32 के सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सागर दुबे पिता श्री कांति दुबे निवासी–शिवघाट पुराना सरकण्डा बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा मौजा सरकण्डा प.ह.न. 32 तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 163/1 रकबा 0.703 हे. भूमि को सुधार पत्र बैनामा 32299 करने पश्चात सुधार पत्र दिनांक 07/02/2025 निष्पादित किया था। आवेदक के द्वारा छ.ग. भू–राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 24/02/2024 को सुबह 11.00 स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति स्वीकार नही किये जावेगें।

आज दिनांक 07/02/2024 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

**नायब तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

मैं अपने आसामी की ओर से अधिकृत एवं निर्देशित होकर निम्न आशय की सूचना पत्र सर्व साधारण को प्रेषित करता हूं कि कुमारी सरला तिवारी पिता श्री आर.पी. तिवारी विवाह उपरांत श्रीमती सरला पाण्डेय पति रितेश पाण्डेय निवासी कुदुदण्ड बिलासपुर के नाम से मौजा अमेरी प.ह.नं. 26 (नया 43) नगर निगम सीमा के अंदर न्यू गीता पैलेस के पास, अमेरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर में स्थित भूमि शीट नंबर 313 खसरा नं. 23/16 रकबा 3000 वर्गफीट में से 1500 वर्गफीट भूमि जिसका 1000 वर्गफीट पर पक्का मकान निर्मित है जिसका क्रय करने का सौदा मेरे आसामी द्वारा किया गया है तथा अग्रिम बयाना राशि का भुगतान चेक के माध्यम से कर दिया गया है। जिसकी निकट भविष्य में उभयपक्षकारों द्वारा रजिस्ट्री करवा दिया जावेगा। अत: इस क्रय विक्रय पर किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या गैर व्यवसायिकगणों को आपत्ति हो तो 7 दिवस के अंदर मय दस्तावेज के मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर आपत्ति दर्ज करवाये। समय बाधित आपत्ति अमान्य होगी। सो सूचना जाने।

**चन्द्रप्रकाश अग्रवाल**
**अधिवक्ता**
**शुभम विहार बिलासपुर**
**मो. 9893098350**

**न्यायालय नायब तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

क्रमांक/क/ना.तह./वा./2025
बिलासपुर, दिनांक 21.02.2025

ग्राम तोरवा के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम तोरवा प.ह.नं. 37 तहसील बिलासपुर स्थित भूमि ख.नं. 1261/70 रकबा 0.0140 हे. हेक्टेयर/ एकड़ भूमि का छ.ग. भू–राजस्व संहिता 1959 की धारा 115 के तहत अभिलेख दुरूस्ती के लिए आवेदक उर्वशी वैष्णव पिता/ पति सुरेश वैष्णव निवासी अकोला द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया।

यदि किसी व्यक्ति/ संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/ दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 10.03.2025 को सुबह 11.00 स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेगे।

आज दिनांक 21.02.2025 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

**नायब तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

**सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं, कि साझेदारी विलेख क्रमांक 22220259791, दिंनाक 19/02/2025 के अनुसार दादूराम ट्रेडर्स फर्म में चार साझेदार श्री मुरली प्रसाद अग्रवाल, श्री अमित अग्रवाल, श्रीमती सोनल अग्रवाल, और श्रीमती शिखा अग्रवाल के माध्यम से व्यापार मे लेनदेन किया जा रहा था।**

**यह कि दिंनाक 31/03/2024 के अनुसार उक्त फर्म में संशोधन कर दिया गया हैं और अब संशोधित विलेख दिनाक 31/03/2024 के अनुसार उक्त फर्म से श्रीमती सोनल अग्रवाल, और श्रीमती शिखा अग्रवाल को उसकी सहमति से अलग किया गया है।**

**वर्तमान साझेदार इस प्रकार है :-**
**1. श्री मुरली प्रसाद अग्रवाल**
**2. श्री अमित अग्रवाल**

**अत: उपरोक्त संशोधन बाबत् सर्व साधारण हेतु यह आम सुचना प्रकाशित कि जा रही हैं।**

**वास्ते, दादूराम ट्रेडर्स**
**साझेदार-श्री मुरली प्रसाद अग्रवाल**
**पता :- उस्लापुर, बिलासपुर (छ. ग.)**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे द्वारा एम.एस.एस.आर विनायक इंटरप्राइजेस भागीदार (1) विकास यादव पिता श्री कृष्ण प्रसाद यादव निवासी बिलासपुर (छ.ग.) एवं (2) दिनेश चंद्रानी पिता श्री अर्जुन दास चंद्रानी निवासी बिलासपुर (छ.ग.) से इनके नाम पर मौजा कुदुदंड, प.ह.नं. 21. रा.नि.मं. बिलासपुर तहसील एवं जिला बिलासपुर विकास खंड बिल्हा के अंतर्गत नगर निगम सीमा वार्ड नंबर 3 नेहरू नगर बिलासपुर में स्थित भूमि का खसरा नंबर 346 रकबा 4000 वर्गफीट भूखंड क्रमांक 124, उक्त भूमि की शीघ्र रजिस्ट्री होना तय है। इस बाबत् यदि किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, शासकीय/ अर्धशासकीय कार्यालय या अन्य किसी को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिनों के भीतर समस्त कागजात सहित मेरे यहां उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति प्रकट कर सकता है। इसके पश्चात् की गई किसी भी प्रकार की आपत्ति अमान्य मानी जाएगी।

भवदीय
**माया दुबे पिता श्री जगदीश प्रसाद दुबे**
गोड़पारा, बिलासपुर (छ.ग.)
मो. 8839251241, 9827168644

**गुमा**



हमारा लाडला तोता रोमियो राजीव गांधी चौक स्थित घर से रविवार, 16 फरवरी को उड़ गया। चोंच टूटी हुई है, छाती के बाल नुचे हुए हैं। शांत रहने पे चोंच से कट कट आवाज निकालता है। रोमू या मिट्ठू बुलाने से अत्यन्त मीठी आवाज में राग लगाकर मिठ्ठू बोलता है। उसे राजीव गांधी चौक के पास कुछ आम के पेड़ों पर देखा गया है L यदि आपको वो मिला या मिलता है या उसकी आवाज सुनें, तो कृपया तुरंत 9893961946 पर कॉल करें L हमारे बच्चे को हम तक पहुंचाने के लिये हम आपके सदैव आभारी रहेंगे। खोजने वाले को उचित पुरस्कार दिया जाएगा।

**अहलूवालिया हॉस्पिटल**
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
- एलर्जी जॉच एवं इम्यूनोथेरेपी
- गले की लेजर सर्जरी
- खर्राटो का ईलाज

Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
- दांतों में ज्वेलरी लगाना
- बच्चों के दूध के दांतों का इलाज एवं देखभाल

21- FEB- BSP- P-3 ZIN_Layout 1 2/22/2025 12:37 AM Page 1


बिलासपुर, शनिवार 22 फरवरी 2025

# हरिभूमि लाइव

Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



महाशिवरात्रि पर मंदिरों में की जा रही तैयारी

एग्जाम

## बोर्ड एग्जाम में फिजिक्स, केमिस्ट्री बायोलॉजी में बेहतर लेखन के टिप्स

**बिलासपुर।** बोर्ड एग्जाम में साफ लिखावट और बेहतर डायग्राम अच्छे नंबर प्राप्त करने में मदद करता है। जो विद्यार्थी लगातार लिखकर पढ़ाई कर रहे, उन्हें परीक्षा के दौरान समय प्रबंधन की कोई समस्या नहीं होगी। यह कहना है विज्ञान विषय की विशेषज्ञ डॉ. माधुरी बोरेकर का। उन्होंने हरिभूमि से चर्चा कर बोर्ड परीक्षा में लेखन, पढ़ाई और सावधानी पर टिप्स दिया है। परीक्षा के नजदीक आते ही विद्यार्थियों में तनाव बढ़ता जाता है, ऐसे में याद प्रश्नों के जवाब भी वे भूलने लगते हैं। इससे बचने के लिए कई टिप्स साझा की गई ।

डॉ. माधुरी ने बताया कि उत्तर पुस्तिका जांच के दौरान दो बड़ी गलतियां विद्यार्थियों की देखने को मिलती है, पहला सही प्रश्न क्रमांक नहीं लिखना और दूसरा कम अंक वाले सवाल में अधिक समय बर्बाद करना। परीक्षा हॉल में प्रश्न पेपर को पढ़ने के लिए अलग से समय दिया जाता है, उस वक्त केवल प्रश्नों को समझने और रिकॉल करने का प्रयास करें। परीक्षा हॉल में यह ट्रिक अभ्यार्थियों के लिए रिलैक्सेशन का काम करता है। फिजिक्स, केमिस्ट्री और बायोलॉजी में सही तैयारी से अच्छे नंबर हासिल किया जा सकता है।



- ब्लू प्रिंट को समझें और अधिक नंबर के अध्यायों के प्रश्नों को लिखकर याद करें।
- फिजिक्स, केमिस्ट्री और बायोलॉजी में डायग्राम जरूरी है।
- चित्र का व्याख्यान करें।
- सरल प्रश्नों को प्राथमिकता दें।
- महत्वपूर्ण वाक्यों को ब्लैक और ब्लू पेन से लिखें।
- विज्ञान में शरीर के अंगों का नाम को याद करते चलें।

अटल विश्वविद्यालय में 'अप्रेंटिसशिप-कम-नौकरी मेला' का आयोजन

# मेहनत का फल निश्चित मिलेगा, बस प्रयास करना होगा

अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय में मुंबई स्थित बोर्ड ऑफ अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग और छत्तीसगढ़ राज्य के उच्च शिक्षा विभाग के सहयोग से 'अप्रेंटिसशिप-कम-नौकरी मेला' का आयोजन किया गया। इस मेले में कुल 612 छात्रों ने पंजीकरण कराया, जिनमें से 307 छात्र विभिन्न उद्योगों के प्रतिनिधियों के साथ साक्षात्कार देने के लिए उपस्थित हुए।

**बिलासपुर।** कार्यक्रम के उद्घाटन में मुख्य अतिथि के रूप में अध्यक्ष छत्तीसगढ़ लघु एवं सहायक उद्योग संघ हरिश केडिया उपस्थित हुए, उन्होंने छात्रों से कहा, जैसा कि कहते हैं 'नदी में डुबकी लगाकर, इंसान अपने ही समुंदर से मिलता है। मेहनत का फल निश्चित रूप से मिलेगा, बस आपको प्रयास करते रहना है, जैसे आज आपके प्रयास आपको कल के अवसरों तक ले जाएंगे।

विशिष्ट अतिथि विक्रम वी. देशमुख ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा सपने देखना और उन्हें पूरा करने के बीच सबसे महत्वपूर्ण कदम है- कार्य। याद रखें, 'सोचने से नहीं, करने से होता है।' सफलता उन्हीं को मिलती है, जो कभी हार नहीं मानते। इस मेले के अध्यक्ष डॉ. शैलेन्द्र दुबे ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए छात्रों को प्रेरित किया, हर यात्रा पहले कदम से ही शुरू होती है। आज आपका पहला कदम है, जिसे उठाना आवश्यक है। कार्यक्रम का स्वागत भाषण डॉ. हामिद अब्दुल्ला, प्लेसमेंट हेड, ने दिया, जिससे कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इसके बाद, डॉ. एच.एस. होटा, डीन, डी.एस.डब्ल्यू. ने छात्रों को करियर के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार साझा किए। छात्रों के भविष्य को लेकर उनके मार्गदर्शन ने कार्यक्रम को और भी सार्थक बना दिया।






### 73 अलग-अलग कंपनी में मिली नौकरी

कार्यक्रम का संचालन प्रियंका तिवारी ने किया, जिससे यह आयोजन और भी प्रभावशाली बना। इस मेले में देशभर से 73 कंपनियों ने भाग लिया, जिन्होंने छात्रों को प्रशिक्षण और रोजगार के अवसर प्रदान किए। यह क्षण विश्वविद्यालय के लिए ऐतिहासिक है, क्योंकि यह छत्तीसगढ़ का पहला विश्वविद्यालय बन गया है, जिसने बोर्ड ऑफ एप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग और छत्तीसगढ़ राज्य के उच्च शिक्षा विभाग के साथ मिलकर एक मेगा 'एप्रेंटिसशिप-कम-नौकरी मेला' का आयोजन किया। इस पहल ने विश्वविद्यालय को शैक्षिक क्षेत्र और उद्योग के बीच एक महत्वपूर्ण सेतु के रूप में स्थापित किया है, जो छात्रों को सीधे प्रशिक्षण और नौकरी के अवसर प्रदान करता है।

### कार्यबल के विकास के लिए अवसर

कुलपति आचार्य अरुण दिवाकर नाथ बाजपेयी ने कहा कि इस इस अद्वितीय मंच ने छात्रों और उद्योगों को एक साथ लाने का कार्य किया और भविष्य के कार्यबल के विकास के लिए एक बेहतरीन अवसर प्रदान किया। इस कार्यक्रम की सफलता ने यह सिद्ध कर दिया है कि इस प्रकार के आयोजन छात्रों को सशक्त बनाने और उद्योग की आवश्यकताओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हम इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी भागीदारों, छात्रों और उद्योग प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हैं।

स्पोर्ट्स

## राज्य स्तरीय फ्लड नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन आज

**बिलासपुर।** राज्य स्तरीय फ्लड नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन शनिवार को शाम 7 बजे सिरगिट्टी स्थित खेल मैदान में किया जाएगा। सेकेंड इंनिग्स क्लब सिरगिट्टी द्वारा पिछले 4 वर्षों से उक्त प्रतियोगिता का आयोजन कराया जा रहा है। जिसमें अलग-अलग क्षेत्र से बड़ी संख्या में क्रिकेट टीम के सदस्यों ने भाग लिया था। सिरगिट्टी स्थित खेल मैदान में शनिवार को शाम 7 बजे राज्य स्तरीय फ्लड नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता एकता कप का समापन किया जा रहा है। पिछले 4 वर्षों आयोजित उक्त प्रतियोगिता में विभिन्न क्षेत्र से आए क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों ने भाग लिया था। इस समापन अवसर पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, बिलासपुर महापौर पूजा विधानी, नर्मदा कोलड्रिंक्स प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर नवनीत अग्रवाल, वार्ड क्रमांक 11 की पार्षद केसरी इंगोले, बीसी फर्टिलाइजर के वाइस प्रेसीडेंट एन.एस. राजू, वार्ड क्रमांक 12 के पार्षद विजय मरावी, सिरगिट्टी क्षेत्र भाजपा मंडल अध्यक्ष बलराम देवांगन, भाजपा महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष गायत्री मनोज दुबे, वार्ड क्रमांक 10 के पार्षद पुष्पेन्द्र साहू, डीसीटी के डायरेक्टर राजेन्द्र सिंह राजपूत, जय दुर्गा आयल मिल के डायरेक्टर प्रमोद अग्रवाल, सीएससीबी के सहायक यंत्री बी.बी. जायसवाल सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी, खेल प्रेमी और क्षेत्रवासी उपस्थित रहेंगे।



## महाशिवरात्रि पर शहर के मंदिरों में पूजन बम-बम भोले के जयकारों से गूंजेगा शहर

**बिलासपुर।** महाशिवरात्रि पर्व को लेकर शहर के मंदिरों से लेकर बाजारों में व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई हैं। मंदिरों में जहां शिव भक्तों के लिए चार पहर की पूजा करवाने का इंतजाम किया गया है, वहीं बाजारों में शिवरात्रि को लेकर कई नए उत्पाद भी उतारे गए हैं। शहर के सभी मंदिरों में 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। इस दिन जगह-जगह पर जहां भजन पूजन व रुद्राभिषेक होगा। वहीं मंदिरों में धार्मिक कार्यक्रम के साथ साथ हर हर महादेव के जयकारे सुनाई देंगे। शिवरात्रि पर शिव की बारात का आयोजन किया जाएगा, जो शहर के विभिन्न स्थानों से भ्रमण करते हुए मंदिर में समाप्त होगी। वहीं रात में बाबा का भंडारा भी किया जाएगा, मंदिरों में धूमधाम से पूरे दिन पूजा पाठ होगी। भगवान शिव को बेल पत्र, फल, दूध चढ़ाए जाएंगे। पूजन के दौरान महामृत्युंजय मंत्र, शिवाष्टक, रुद्राष्टक, रामचरितमानस के बालकांड के अंतर्गत शिव-सती प्रसंग का पाठ करना विशेष फलदायी माना गया है। व्रत न भी कर सकें तो उक्त पाठ से भी शिव उपासना का संपूर्ण फल मिल जाता है।


श्री पीतांबरा पीठ त्रिदेव मंदिर में महाशिवरात्रि महोत्सव का होगा भव्य आयोजन

### महाशिवरात्रि महोत्सव रुद्राक्ष वितरण

देवों के देव महादेव की आराधना का महापर्व महाशिवरात्रि आगामी 26 फरवरी को शहर के मंदिरों में धूमधाम से मनाया जाएगा। इसी क्रम में हमेशा की तरह सरकंडा सुभाष चौक स्थित त्रिदेव मंदिर में भी श्री शारदेश्वर पारदेश्वर महादेव का महारुद्राभिषेक और महाशिवरात्रि महोत्सव एवं रुद्राक्ष वितरण का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर मंदिर में स्थापित पारद शिवलिंग का अभिषेक और विशेष पूजन होगा। त्रिदेव मंदिर के पीठाधीश्वर आचार्य दिनेश जी महाराज ने बताया कि न्यायधानी बिलासपुर में विश्व शांति और जनकल्याण के उद्देश्य से शारदेश्वर पारदेश्वर महादेव जी का महाशिवरात्रि पर महा रुद्राभिषेक किया जाएगा। रात्रि के चारों पहर में आयोजित रुद्राभिषेक रात्रि जागरण में श्रद्धालु दर्शन लाभ ले सकेंगे। आचार्य डा. दिनेश महाराज ने शिवलिंग की महिमा बताते हुए कहा कि धर्म शास्त्रों के अनुसार पारद शिवलिंग साक्षात भगवान शिव का ही स्वरुप है, इसलिए इसकी पूजा विधि-विधान से करने से कई गुना फल प्राप्त होते हैं और जातक की हर मनोकामना पूर्ण होती है, इसीलिए इसे कामना लिंग भी कहा जाता है। उन्होंने बताया कि एक करोड़ शिवलिंग की पूजा अर्चना से जो फल प्राप्त होता है वह फल केवल पारद शिवलिंग के दर्शन मात्र से प्राप्त किया जा सकता है। पारद स्वयं सिद्ध धातु है, जिसका वर्णन पुराणों में भी है। पारद से निर्मित शिवलिंग की पूजा से विभिन्न प्रकार के ग्रह दोष और सभी कष्टों का निवारण होता है। सभी प्रकार के तंत्र-मंत्र स्वतः समाप्त हो जाते हैं।

## 6 साल की मयंशी ने दी गजल की प्रस्तुति, श्रोता मंत्रमुग्ध


कलाकारों ने हुनर का किया प्रदर्शन

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ सांस्कृतिक कला संगम समिति की ओर शाम-ए-गजल कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें संगीत प्रेमियों को गजलों का आनंद लेने का मौका मिला। इस कार्यक्रम में बिलासपुर के उभरते कलाकारों ने अपनी शानदार प्रस्तुति दी।



शाम-ए-गजल कार्यक्रम में 6 साल की कु. मयंशी खंडेलवाल ने मां मुझे सुनाओ वो कहानी, कनक साहू ने तुझसे नाराज नहीं जिंदगी, मयूरी खण्डेलवाल ने सलोना सा सजन, अनुपम शुक्ला ने नवाजिश करम, पुष्पराज देवांगन ने मस्ताना पिए जा और सागर साहू ने चांदी जैसा रंग जैसे गाने प्रस्तुत किए। वहीं, ऋषभ प्रधान ने दुल्हनिया की डोली गाकर श्रोताओं का दिल जीत लिया। समिति ने इस कार्यक्रम को गजल गायकी के महान उस्तादों के नाम समर्पित किया। जिसमें मेहदी हसन, पंकज उधास, गुलाम अली और आशा भोसले की रचनाओं का बेहतरीन गायन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पद्मश्री रामलाल बरेठ, कुलपति डा. विनय पाठक, डा. रामगोपाल सिंह, डा. सुरेश माहेश्वरी और डा. उज्वला कराडे आदि उपस्थित थे। गायकों को साथ देने में हारमोनियम पर पुष्पराज देवांगन, तबला पर रूपेश भुरंगी, ढोलक पर अमित मिश्रा, गिटार पर अनुपम शुक्ला, एकॉस्टिक पर भूपेंद्र सिंह मनहरे, कीबोर्ड पर शिवा मेश्राम और ऑक्टोपेड पर नितिन मेश्राम ने अपनी प्रभावी संगत दी। शानदार प्रस्तुति को देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारी परमवीर मरहास, दीपक जावलकर, पंकज खण्डेलवाल, जितेंद्र सिंह ठाकुर मौजूद थे।

कार्यक्रम

## संगत ने किया सुखमणि साहिब का पाठ



**बिलासपुर।** सिंधी कॉलोनी स्थित धन गुरु नानक डेरा संत बाबा थाहिरिया सिंग दरबार में संत माता अद्दी अम्मा की मीठी याद में मासिक वरसी मनाई गई। इस अवसर पर संगत ने सुखमणि साहिब का पाठ किया। बबल भाई साहेब ने गुरबाणी, कीर्तन कर साध संगत को निहाल किया।विश्व कल्याण व प्रकाश जोतवानी की आत्मा की शांति के लिए अरदास कराई गई। सेवादार डा. हेमंत कलवानी ने बताया कि कार्यक्रम के समापन पर गुरु का अटूट लंगर वरताया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने गुरु का प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सोनू मूलचंदानी, पूर्व पार्षद सुरेश वाधवानी, प्रकाश जज्ञासी, नानक पंजवानी, राजकुमार कलवानी, राजू धामेचा, जगदीश सुखीजा, नरेश मेहरचंदनी, भोजराज नरवानी, मेघराज नारा, अशोक, जगदीश जज्ञासी, गंगाराम सुखीजा, सुरेश माधवानी, अशोक मतलानी, विकास बजाज, अनिता नारवानी, पार्षद कंचन सुरेश वाधवानी, सोनिया कॉलोनी, पलक हर्जपाल, कंचन रोहरा, पलक मखीजा, ज्योति हिंदूजा डॉ सोनम,राखी इडनानी, वर्षा सुखीजा, कशिश जेसवानी, बलराम रामानी, रमेश भागवानी, डा. हुंदलदास सोमनानी, मुरली कुकरेजा, अक्षय, राजेंद्र सिंह, अविनाश हिंदूजा रोशन सहित दरबार साहिब के अन्य सभी सेवादारों का सहयोग रहा।

# विषमता व विद्रूपता को व्यक्त करने व्यंग्य से दूसरा कोई माध्यम नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कार्नर न्यूज

शासकीय जेपी वर्मा स्नातकोत्तर कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में हरिशंकर परसाई का साहित्य व्यंग्य के विविध आयाम विषय पर केन्द्रित राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह संगोष्ठी प्राध्यापक डा. राम गोपाल सिंह, अध्यक्षता प्राचार्य डा. श्यामलाल निराला एवं मुख्य वक्ता पूर्व राजभाषा आयोग अध्यक्ष डा. विनय कुमार पाठक के विशिष्ट आतिथ्य में सम्पन्न हुई।

संगोष्ठी के दौरान डा.राम गोपाल सिंह ने कहा कि हरिशंकर परसाई का व्यंग्य विधा में विशिष्ट योगदान रहा है। उन्होंने हिन्दी साहित्य की विविध विधाओं पर अधिकार पूर्वक कलम चलाई तथा पत्रकारिता के क्षेत्र में भी नए कीर्तिमान स्थापित किए। परसाई जी ने हिन्दी जगत में विशेष रूप से व्यंग्यकार के रूप में ख्याति प्राप्त की। इस अवसर पर मुख्य वक्ता डा. विनय कुमार पाठक ने कहा कि व्यंग्य को शैली से ऊपर उठाकर विधा के रूप में प्रतिस्थापित करने वालों में हरिशंकर परसाई का योगदान महत्वपूर्ण है।

उन्होंने ने कहा कि आज की विषमता व विद्रूपता को व्यक्त करने के लिए व्यंग्य से दूसरा कोई माध्यम नहीं हो सकता। व्यंग्यालोचन के क्षेत्र में अब गंभीरता से कार्य करने का समय आ गया है। इस अवसर पर आकांक्षा गोपाल ,सूचित दुबे, प्रीति तिवारी, निलेश प्रजापति, धृतलहरे ने परसाई जी पर केन्द्रित शोध पत्र का वाचन किया। प्रथम सत्र का आभार प्रदर्शन डा.परमजीत पाण्डेय ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित प्राध्यापकों और शोधार्थी छात्र-छात्राओं द्वारा शोध पत्र का वाचन किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन डा. फेदोरा बरवा ने किया। इस अवसर पर साहित्यकारों में विष्णु कुमार तिवारी, सत्येन्द्र तिवारी, शत्रुघन जैसवानी, डा. बी. एल. गोयल एवं विभिन्न महाविद्यालयों से आये हुए प्राध्यापकगण व बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थीं।






जेपी वर्मा महाविद्यालय में राष्ट्रीय संगोष्ठी

### सामाजिक स्थिति पर चिंतन

अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य डा. श्यामलाल निराला ने परसाई के साहित्य की चर्चा करते हुए परसाई की ठिठुरता हुआ गणतंत्र पर अपने विचार व्यक्त किये और छत्तीसगढ़ के जन जीवन में आ रहे परिवर्तन की बात कही। उन्होंने कहा कि आज की सामाजिक स्थिति पर चिंतन करने की आवश्यकता है कि कैसे सकारात्मक सुधार हो सके। इस अवसर पर समस्त अतिथियों को शाल, श्री फल एवं स्मृति चिन्ह भेंट करके सम्मानित किया गया। प्रथम तकनीकी सत्र के मुख्य वक्ता के रूप में डा. अरूण कुमार यदु, विष्णु कुमार तिवारी तथा द्वितीय तकनीकी सत्र के मुख्य वक्ता के रूप में डा.जीडी पटेल एवं डा.राघवेन्द्र कुमार दुबे ने हरिशंकर परसाई जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर अपने विचार व्यक्त किये।

### रचनाओं के शीर्षक में झलकता है उद्देश्य

डा. सुरेश माहेश्वरी ने बीज वक्तव्य देते हुए कहा कि हरिशंकर परसाई आधुनिक हिन्दी की व्यंग्य विधा के प्रवर्तक और युग-पुरुष हैं, यदि स्वातंत्र्योतर भारत के सही दर्शन हमें करना हो तो परसाई जी का लेखन अवश्य पढ़ना चाहिए। उनका व्यंग्य लेखन प्रतिबद्ध और मानव जीवन का उत्थान करने वाला है। मुख्य वक्ता न्यायमूर्ति चन्द्रभूषण वाजपेयी ने परसाई के साहित्य की विशिष्टता एवं प्रासंगिकता पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि परसाई के अनेक रचनाओं के शीर्षक में उनका उद्देश्य झलकता है। उनके साहित्य में तत्कालीन समाजिक व्यवस्था का प्रभाव दिखता है, उनका उद्देश्य और लेखन मूल्यवान हैं। उन्होंने परसाई के कुछ कोटेशन को सुनाते हुए उस पर चर्चा की।

## खबर संक्षेप

### चोरों ने पार किया जेवर नकद, अपराध दर्ज

**बिलासपुर।** गांव में रैली पर जाना एक परिवार को भारी पड़ गया। घर में वृद्ध दादी के होने के बावजूद चोर दिनदहाड़े 95 हजार रूपए के चांदी और 15 हजार रूपए नकद और सोने चांदी के जेवरात लेकर भाग गए। मामला सकरी थाना क्षेत्र के ग्राम भरनी का है। भरनी निवासी सत्येंद्र खरे पिता स्व रामावतार खरे उम्र 32 वर्ष वकालत करते हैं। 18 फरवरी को वे गांव में निकली रैली में शामिल होने गए थे। करीब दोपहर 1 बजे घर से निकले, इस दौरान घर में उनकी वृद्ध दादी मौजूद थीं, ऐसे में दरवाजे पर कुंडी लगाकर वे रैली में चले गए। करीब 5 बजे वापस लौटे, घर के अंदर दाखिल हुए इस दौरान कमरे में रखी आलमारी का ताला टूटा हुआ था, जिसमें रखे 15 हजार नकद और सोने व चांदी के 95 हजार रूपए का माल अज्ञात चोरों ने पार कर दिया था। गुरूवार को प्रार्थी ने सकरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज कर अज्ञात आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### बाइक चोर गिरोह के सदस्य गिरफ्तार

**बिलासपुर।** कई जगहों से बाइक चोरी कर सस्ते दाम में बेचने वाले चोरों के गिरोह को पकड़ने में एसीसीयू और तारबाहर पुलिस ने कामयाबी पाई है। पुलिस ने इस दौरान 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, वहीं 11 बाइक जब्त की है। अलग अलग थाना क्षेत्रों में रेकी कर बाइक चोरी करने और उन्हें सस्तेदामों में बेचकर मुनाफा कमाने वाले चोरों को पुलिस ने धरदबोचा है। पुलिस ने इस मामले में कस्तूरबा नगर निवासी इतियल पीटर पिता पीटर मशीह उम्र 28 साल, पारिजात कालोनी निवासी अनिल पांडे पिता स्वराज पांडे, दैजा तखतपुर निवासी संगम मानिकपुरी पिता दुखीराम उम्र 20 साल को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि फर्जी नकली नोट खपाने के आरोप में जेल में बंद पवन सिंह के गिरोह के सदस्य हैं और उसके कहने पर ही आरोपी चोरी की गाड़ियां सस्ते दामों में बेचते रहे हैं। आरोपियों से पुलिस ने 11 बाइक जब्त की है, जिसमें सीजी 22, सीजी 11 और सीजी 10 आरटीओ पासिंग बाइक है। पुलिस ने बाइक के वास्तविक मालिकों की तलाश कर रही है।

### अमृत भारतः चांपा का कार्य अंतिम चरण में

**बिलासपुर।** अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत स्टेशनों का कायाकल्प किया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर रेल मंडल के 16 स्टेशनों को शामिल किया गया है, जिसमें जांजगीर-चांपा जिले के अकलतरा, बाराद्वार व चांपा स्टेशन को शामिल किया गया है। इन तीनों स्टेशन में पुनर्विकास कार्य योजनाबद्ध तरीके से किया जा रहा है। चांपा रेलवे स्टेशन प्रदेश का प्रमुख रेलवे जंक्शन है, जो हावड़ा-मुम्बई मुख्य रेल मार्ग पर है। चांपा स्टेशन में 7.92 करोड़ रुपए की लागत से आधुनिकीकरण व यात्री सुविधा से संबंधित कार्य किए जा रहे हैं। स्टेशन भवन का सौंदर्यीकरण और विस्तार, यात्रियों के लिए सुविधाजनक प्रतीक्षालय एवं बैठने की व्यवस्था महत्वपूर्ण है। बेहतर लाइटिंग की व्यवस्था, सुगम आवागमन, कोच गाइडेंस डिस्प्ले बोर्ड, आधुनिक यात्री सूचना प्रणाली की स्थापना, स्वच्छता व पर्यावरण अनुकूल सुविधाओं का विकास जैसे महत्वपूर्ण कार्य हैं। वर्तमान में ९२० फीसदी कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किया जा चुका है।

### रेलवे ट्रैक्शन बिजली बिल में बचा रहा 5 करोड़

**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में पुनरुत्पादक ब्रेकिंग से प्रतिमाह ट्रैक्शन बिजली बिल में औसतन 5 करोड़ रुपए की बचत की जा रही है। यह रेल परिवहन में हरित और अधिक लागत कुशल भविष्य की दिशा में मार्ग प्रशस्त करती है। एसईसीआर के पास 13 डब्लूएपी 7 और 512 डब्लूएजी 9 लोकोमोटिव है, जिनमें से सभी में पुनरुत्पादक ब्रेकिंग सिस्टम है। दपूमरे लोको में प्रतिमाह औसतन 8376961 यूनिट पुनर्जीवित की जाती है, जिसके परिणामस्वरूप ट्रैक्शन बिजली बिल में प्रतिमाह औसत 5 करोड़ रुपए की बचत हो रही है। पारंपरिक ब्रेकिंग सिस्टम जैसे कास्ट आयरन या कंपोजिट ब्रेक ब्लॉक्स, घर्षण के माध्यम से गतिक ऊर्जा को गर्मी में परिवर्तित कर इसे बरबाद कर देते हैं। पुनरुत्पादक ब्रेकिंग इस ऊर्जा को पुनः प्राप्त करके विद्युत ऊर्जा में परिवर्तित करती है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

**800 लोगों पर साढ़े 10 करोड़ बकाया** | **टाउन एंड कंट्री प्लानिंग जारी कर रहा नोटिस, अंतिम चेतावनी नहीं तो होगी कार्रवाई**

# अवैध निर्माण को वैध तो करा लिया, जुर्माने की राशि 18 माह बाद भी नहीं की जमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले के 800 से अधिक लोगों ने अवैध निर्माण को नियमितीकरण प्रक्रिया के तहत वैध तो कर दिया, लेकिन अब जुर्माने के पैसे नहीं दे रहे हैं। पिछले साल अगस्त 2023 में अवैध निर्माण को वैध करने आवेदन मंगवाए गए थे, उस हिसाब से 18 माह हो चुके हैं, लेकिन इन लोगों ने करीब 10 करोड़ रुपए की राशि जमा नहीं की है। ऐसे लोगों को अंतिम नोटिस जारी किया जा रहा है। जुर्माने की रकम अदा नहीं करने वालों के अवैध निर्माण पर कार्रवाई होगी।

ध्यान रहे कि टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग की नियमितीकरण प्रक्रिया के अनुसार जुर्माने की रकम पिछले साल अगस्त 2023 में ही जमा करनी थी, लेकिन इन लोगों ने पैसे जमा नहीं किए। निर्धारित समय सीमा गुजरने के बाद सभी को तीन महीने का अतिरिक्त समय दिया गया। इसके बावजूद इन लोगों ने जुर्माना नहीं चुकाया। अब इन सभी को एक साथ नोटिस भेजा जा रहा है।

गौरतलब है कि कांग्रेस सरकार ने अवैध निर्माणों को वैध कराने के लिए लोगों को बड़ा मौका दिया था। इसके लिए जिले भर से अनियमित आवासीय एवं गैर आवासीय भवन निर्माण के नियमितीकरण के लिए 12 हजार के करीब आवेदन किए गए थे। इसमें से साढ़े 5 हजार लोगों ने नियमितिकरण करा लिया है तो 5 हजार मामले 6 महीने से पेंडिंग पड़े हैं। लंबित मामलों में 4 हजार आवासीय और एक हजार व्यावसायिक आवेदनों पर सुनवाई नहीं हो सकी है।

**आवासीय एवं गैर आवासीय भवन निर्माण के नियमितीकरण के लिए किए गए थे आवेदन**

### शपथपत्र में तारीख लिखकर देनी होगी

अधिकारियों का कहना है कि जो नोटिस का जवाब नहीं देंगे, उनके निर्माण पर कार्रवाई की जाएगी। जो लोग शपथ पत्र देकर शुल्क जमा करने के लिए कुछ समय मांगेंगे उन्हें राहत भी दी जा सकती है, लेकिन इस बार उनसे शपथ पत्र मांगा जाएगा। शपथपत्र में उन्हें निर्धारित तारीख लिखकर देनी होगी, उस तारीख तक उन्हें हर हाल में शुल्क की रकम जमा करनी होगी। 4 जून के बाद ऐसे लोगों की सूची जोनवार निगम वालों को सौंपी जाएगी। इसके बाद निगम का दस्ता उन निर्माणों तक पहुंचेगा जो अवैध हैं। अधिकारियों के मुताबिक फिलहाल अभी निगम वाले वहां जाते भी हैं तो उन्हें डिमांड नोट की कॉपी दिखाकर वापस कर दिया जाता है। उनसे कहा जाता है कि उनके पास अभी पैसे नहीं हैं, इंतजाम होने पर जल्द अदा कर देंगे। डिमांड नोट सरकार की ओर से ही जारी किया गया है इसलिए निगम वाले बिना कोई कार्रवाई किए वापस आ जाते हैं।

### 40 हजार से अधिक अवैध निर्माण शहर में

हालांकि अवैध निर्माणों पर नजर डालें तो इसकी संख्या 40 हजार के पार होगी। इसमें बिना अनुमति निर्माण और नक्शे के खिलाफ निर्माण शामिल है, लेकिन यह भी कहा जा रहा है कि पेनाल्टी के डर से कई लोगों अपने मकानों और दुकानों की नियमितीकरण के लिए आवेदन ही नहीं दिया। नियमों-प्रावधानों पर नजर डालें तो 120 वर्ग मीटर यानी 1291 वर्ग फीट तक में बने मकानों का नियमितीकरण के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जा रहा है। इसके बाद वर्गफीट और जगह के हिसाब से शुल्क लेते हुए अनियमित निर्माण को नियमित किया जा रहा है। जिनके मकान फ्री में नियमित होंगे, वे लोग आवेदन नहीं किए। गौरतलब है कि निगम में शामिल हुए 15 गांवों में 55 हजार रेसीडेंशियल और कमर्शियल प्रापर्टी है, लेकिन निगम इसके मुकाबले नियमितीकरण कराने के लिए आवेदनों की संख्या काफी कम है।

### 31 में से 21 करोड़ जमा

विभाग के मुताबिक तय समय तक किए गए आवेदनों की समीक्षा के बाद उसकी छंटाई की गई। इसमें से 10 हजार आवेदनों को वैध करने की दस्तावेजी प्रक्रिया पूरी कर टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग को भेजा गया। इसमें से 5 हजार लोगों के अवैध निर्माण को नियमित करने हुए डिमांड नोटिस जारी किया गया था। इसमें से 4200 लोगों ने 21 करोड़ 17 लाख रुपए की राशि जमा कर दी है, जबकि करीब 800 ऐसे हैं जिन्होंने जुर्माने की 10 करोड़ 64 लाख रुपए की रकम ही अदा नहीं की है। हालांकि उन्हें उसी समय निगम की ओर से जारी डिमांड नोट में कहा गया था कि जितना जुर्माना लगाया गया है, उसे 15 दिनों के भीतर जमा करवा दें, लेकिन लोगों ने जुर्माना अदा नहीं किया। इसके बाद नियमानुसार इन सभी लोगों को तीन महीने का समय और दिया गया। यह अवधि भी गुजर गई, लेकिन लोगों ने शुल्क जमा नहीं किया। इसके बाद ही इन सभी को अंतिम नोटिस जारी किया जा रहा है।

### शुल्क नहीं देने पर होगी कार्रवाई

ऐसे सभी लोगों की पहचान कर ली गई है, जिन्होंने नियमितिकरण का शुल्क तय समय में अदा नहीं किया है। अब इन सभी को नोटिस जारी किया जा रहा है। आचार संहिता के बाद शुल्क नहीं देने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

**- भानु प्रसाद पटेल**, ज्वाइंट डायरेक्टर, टाउन एंड कंट्री प्लानिंग

**14 लोगों पर जुर्म दर्ज, 100 से अधिक संदिग्ध, पुलिस ने 9 लोगों को किया गिरफ्तार**

# हार से बौखलाए प्रत्याशी व समर्थकों ने किया पथराव, टीआई समेत पुलिसकर्मी घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर/सीपत

शहर से लगे ग्राम लगरा में पंचायत चुनाव की मतगणना के दौरान हिंसा भड़क उठी। हार से बौखलाए प्रत्याशी और उनके समर्थकों ने मतदान दल को बंधक बनाने का प्रयास किया और मतगणना स्थल पर हंगामा किया। पुनर्मतगणना की मांग को लेकर अधिकारियों और प्रत्याशी के बीच बहस बढ़ने से प्रत्याशी के उकसावे में समर्थकों ने पथराव कर दिया, जिसमें सीपत टीआई समेत पुलिस कर्मी घायल हो गए। पुलिस ने मामले में जुर्म दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

मोपका चौकी अंतर्गत ग्राम लगरा में मतदान के बाद मतगणना के बाद पोलिंग पार्टी को बंधक बनाने का प्रयास करने के मामले में प्रत्याशी श्रीमती पद्मावती कांगो और पति शत्रुघन कांगो समेत 9 लोगों को सरकंडा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामले के अनुसार गुरूवार को लगरा में ग्राम पंचायत का चुनाव कराया गया, इस चुनाव में प्रत्याशी के तौर पर श्रीमती पद्मावती कांगो भी उम्मीदवार रही हैं, चुनाव के बाद तत्काल ही मतगणना की गई, श्रीमती कांगो को हार का सामना करना पड़ा, जिसके बाद उनके समर्थकों ने हंगामा मचाना शुरू कर दिया और पोलिंग पार्टी पर पुनर्मतगणना का दबाव बनाया गया, इसकी जानकारी पुलिस और प्रशासन को दी गई। जिसमें बाद सरकंडा और सीपत थाने से अतिरिक्त पुलिस बल भेजा गया और मतदान दल को सुरक्षित बाहर निकाला गया, लेकिन श्रीमती कांगो और उनके समर्थक अधिकारियों के साथ हुज्जतबाजी करते हुए पेट्रोलिंग गाड़ियों में तोड़ फोड़ करने लगे, पुलिस ने समर्थकों को रोकने की कोशिश की इस दौरान समर्थकों ने पथराव कर दिया। जिससे सीपत थाने के टीआई और अन्य 2 पुलिस कर्मी घायल हो गए। इसके बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल हो गया, कई लोग जान बचाकर भागने लगे। घटना की सूचना मिलने पर अतिरिक्त पुलिस बल भेज कर हालत पर काबू पाया गया। पुलिस ने 14 लोगों के खिलाफ नामजद समेत 100 से अधिक लोगों के लिए खिलाफ मामला दर्ज किया गया, पुलिस ने मामले में 9 लोगों को गिरफ्तार भी कर लिया है।



ग्राम लगरा में पंचायत चुनाव के दौरान हंगामा करने वाले आरोपी पुलिस हिरासत में।



विवाद के दौरान एक- दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाते ग्रामीण।

### घटना के पहले थी लाइट गुल

पुलिस के अनुसार लगरा में हुए पुलिस पार्टी पर पथराव के पहले क्षेत्र की बिजली सप्लाई काट दी गई थी। इसे उपद्रवियों को मौका मिला और पथराव शुरू हो गया। पुलिसकर्मियों में सीपत टीआई गोपाल सतपथी, एसआई नारायण ठाकुर, आरक्षक संजय बंजारे, आरक्षक छत्रपति दीक्षित, दो ड्राइवरों को चोटें आई है। घटना के दौरान पुलिस की एक गाड़ी पलट गई थी, जिसमें ड्राइवर भी हताहत हो गया। उपद्रवियों ने पुलिस के 8 वाहनों को निशाना बनाया और तोड़फोड़ की है।

### ये हुए गिरफ्तार

लगरा मतदान केन्द्र में हुई झड़प व पुलिसकर्मियों के साथ पत्थराव की घटना के बाद महिला प्रत्याशी पद्मावती कांगो 43 वर्ष पित शत्रुहन कांगो, वंदना कैवर्त पति अमित कैवर्त 39 वर्ष, गीतू यादव पति संजय यादव 35 वर्ष, ममता केंवट पति मुन्ना केंवट उम्र 30 वर्ष, अहिल्या बाई यादव पति जगेश्वर यादव उम्र 65 वर्ष, शत्रुहन कांगो पिता सेखुलाल उम्र 52 वर्ष, विजय यादव पिता जागेश्वर यादव उम्र 43 वर्ष, अमित कैवर्त पिता पंचराम कैवर्त 44 वर्ष, उदय यादव पिता दिलहरण यादव उम्र 24 वर्ष को गिरफ्तार किया गया है। खास बात यह है पकड़े गए आरोपियों में 5 महिलाएं हैं।

### आरोपियों की तलाश जारी है

पोलिंग पार्टी पर दबाव बनाने और पुलिस पर पथराव करने वालों पर विभिन्न धाराओं के अंतर्गत अपराध दर्ज किया गया है। 9 लोगों की गिरफ्तारी की जा चुकी है, अन्य की तलाश जारी है।

**-उदयन बेहर**, सीएसपी, सरकंडा

# इंदौर की उड़ान बंद होने पर समिति ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



अलायंस एयरलाइन्स कंपनी ने 25 मार्च से इंदौर की फ्लाइट बंद करने की घोषणा कर दी है। इसके साथ ही विरोध के स्वर भी बुलंद हो चुके हैं। शुक्रवार को हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने सांसद अरुण साव, संसदीय सचिव रश्मि सिंह और धरमलाल कौशिक के घर पर गांधीगिरी करते हुए प्रदर्शन किया। खास बात यह है कि पूर्व सूचना के बावजूद सांसद साव और विधायक रश्मि सिंह घर पर नहीं रहे। वहीं समिति के सदस्यों ने उनके घर के दरवाजों पर गुलाब फूल छोड़ लगाकर विरोध जताया। अब समिति 17 मार्च को कैंडल मार्च निकालेगी।

■ सदस्यों ने कहा साजिश के तहत किया जा रहा है काम

हवाई सुविधा संघर्ष समिति ने आरोप लगाया कि एएआई और केन्द्र सरकार साजिश के तहत बिलासपुर से हवाई सुविधा को बंद करने का प्रयास कर रही है। इसके चलते लगातार फ्लाइट की टिकट की कीमत बढ़ाई जा रही है। जहां रायपुर से दिल्ली का किराया 5 से 6 हजार के है वहीं बिलासपुर से दिल्ली का किराया 10 हजार रूपए है। यही षड़यंत्र इंदौर की फ्लाइट के साथ भी किया गया। शुरूआती दिनों में इंदौर की टिकट 28 सौ रूपए थी, बाद में अलायंस एयर ने इसके लिए 9 से 12 हजार रूपए वसूलना शुरू कर दिया। इसी प्रकार यात्रियों की संख्या बढ़ते देख अब दिल्ली के फ्लाइट की टिकट भी मंहगी हो चुकी है। वहीं एक के बाद एक फ्लाइट की लैंडिंग और टेकआफ के समय में भी बदलाव कर यात्रियों को परेशान किया जा रहा है। पिछले 6 माह से लगातार फ्लाइट कैसिंल की गई, जिससे यात्रियों को झटका लगा है। हवाई सुविधा जनसंघर्ष समिति ने इस साजिश के विरोध में अपने स्वर ऊंचे कर दिए है। समिति के सदस्य लगातार इसका विरोध भी कर रहे है। शुक्रवार को समिति ने जनप्रतिनिधियों को उनके दायित्व का बोध कराने गांधीगिरी शुरू की। इस दौरान समिति के सदस्यों ने सबसे पहले सांसद अरुण साव के घर पहुंचे, सांसद के घर पर नहीं मिलने पर सदस्यों ने उनके घर के दरवाजे पर गुलाब का फूल छोड़ मौन होकर वापस आ गए। इसके बाद संसदीय सचिव रश्मि सिंह के घर पर भी सदस्य गए वहां भी गुलाब का फूल रखकर दिया गया। इसके बाद विधायक धरम लाल कौशिक के घर पहुंच गांधीगिरी से प्रदर्शन किया और विधायक को गुलाब का फूल भेंट किया। इस दौरान विधायक ने नागरिक उड्डयन मंत्री को पत्र लिखने का भरोसा दिलाया।

समिति ने आरोप लगाया कि महज 5 माह पहले शुरू की गई बिलासपुर- इंदौर उड़ान को बिना किसी कारण के बंद किया जा रहा है जबकि हजारों की तादात में यात्री बिलासपुर-इंदौर और दिल्ली की यात्रा कर चुके हैं। अब समिति के सदस्य 17 मार्च को कैंडल मार्च निकालकर प्रदर्शन करेंगे। सदस्यों ने कहा कि गांधीगिरी से एएआई और अलायंस कंपनी नहीं मानी तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान देवेंद्र सिंह ठाकुर, विनय शुक्ल, दीपक कश्यप, ओम प्रकाश शर्मा, अक्षय जैन और सुदीप श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

# कुल्फी ठेला हटाने के दौरान विवाद, हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

### सड़क से 8 लोगों के ठेले किए गए जब्त

ट्रैफिक में बाधक अतिक्रमण, ठेले तथा दुकान का सामान रोड पर रखने वालों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए शुक्रवार की निगम की टीम शहर में निकली।

■ अतिक्रमण निवारण दस्ते की रोज होगी कार्रवाई

इस दौरान तेलीपारा में एक कुल्फी ठेले को हटाने पर जमकर विवाद और झूमाझटकी हुई। निगम ने तेलीपारा में अभियान चलाकर 14 से अधिक ठेले जब्त किए हैं। इसके साथ ही तेलीपारा, सदर, गोल बाजार पर कपड़ों की दुकान के बाहर लगाए गए पुतले, बोर्ड, हैंगर में टंगे कपड़े आदि जब्त किए गए। अतिक्रमण दस्ते की कार्रवाई देवकीनंदन चौक से शुरू हुई। प्रताप टाकीज तक 4-5 पुतले जब्त किए गए। इसके बाद गोल बाजार शनिचरी, वाल्मीकि चौक तक कार्रवाई की गई। रास्ते पर ठेला लगाने पर 8 लोगों के ठेले जब्त कर लिए गए। वहीं अवैध रूप से पंडाल, बैनर, पोस्टर लगाने वालों पर भी कार्रवाई की गई। अतिक्रमण निवारण दस्ते के प्रभारी प्रमिल शर्मा ने दावा किया आज की कार्रवाई में दो काउ कैचर भर कर सामान जब्त किया गया। दुकानदारों को समझाइश दी गई कि वह अपना सामान दुकान के अंदर रखें और ट्रैफिक को व्यवस्थित करने में सहयोग करें अन्यथा सामान जब्त कर लिया जाएगा। अतिक्रमण निवारण दस्ते की कार्रवाई अब रोज चलेगी।



तेलीपारा से ठेला लगाने वालों पर कार्रवाई करते निगम का अमला।

# कोटा बेलगहना क्षेत्र में घूम रहा टाइगर, दहशत

**बिलासपुर।** पिछले दो दिनों से कोटा बेलगहना में टाइगर घूम रहा है, जिससे लोगों में दहशत बनी हुई है। सूचना पर वन विभाग ने लोगों को सावधान रहने कहा है।

जानकारी के अनुसार बिलासपुर वन मंडल के कोटा और बेलगहना के जंगल एवं आसपास के क्षेत्रों में टाइगर की आहट और उसके पग मार्क देखे गए हैं। कोटा वन विकास निगम के क्षेत्र में पौड़ी, बिल्लीबंद के पास टाइगर के पग मार्क को ग्रामीणों ने देखा, जिसके बाद पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल हो गया। लोगों ने इसकी जानकारी वन विकास निगम के बीट गार्ड को दी। जानकारी मिलते ही बीट गार्ड ने मौके पर पहुंचकर टाइगर के पग मार्क को देखकर अधिकारियों को सूचित कर दिया। इसके बाद टाइगर बेलगहना रतनपुर क्षेत्र के जंगल की ओर चला गया। इस संबंध में बिलासपुर वन मंडल के डीएफओ सत्यदेव शर्मा ने बताया कि टाइगर के होने की जानकारी मिली थी, जो वन विकास निगम के क्षेत्र में था। इसके बाद टाइगर बेलगहना रतनपुर की ओर भी जाने की सूचना मिली थी। टाइगर है या लैपर्ड अभी तक इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है, फिलहाल लगातार निगरानी की जा रही है।



### सिग्नल जम्प कर भाग रहा था आटो चालक फर्जी नंबर के सहारे दौड़ता था आटो, गिरफ्तार

**बिलासपुर।** चौक चौराहों पर लगे सीसीटीवी कैमरे की नजर से बचकर निकालने के जुगाड़ में नंबर प्लेट के साथ छेड़छाड़ करने व नशे में आटो चलाने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

जरहाभाठा मंदिर चौक पर आरक्षक कमल किशोर शर्मा की ड्यूटी लगाई गई थी, इस दौरान रात 8 बजे सवारी आटो क्रमांक सीजी 10 ए 6771 के चालक भूकंप आवास सरकंडा निवासी प्रहलाद जायसवाल पिता बजरंगी जायसवाल उम्र 35 द्वारा रेड लाइट को जम्प कर भागते हुए पकड़ा गया। इस दौरान रजिस्ट्रेशन नंबर की जांच की गई, चालक ने शातिरना तरीके से आटो के नंबर प्लेट पर चुंबक के सहारे फेरबदल कर दिया है। पुलिस ने यातायात नियमों के उल्लघंन करते हुए राजस्व की हानि करने के आरोप में मामला दर्ज करते हुए चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

online Booking:-www.tripuryatra.com



सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-

By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
27 अप्रैल, 30 अप्रैल, 03 मई, 8 मई, 11 मई, 14 मई,19 मई, 22 मई, 25 मई, 30 मई, 02 जून, 05 जून 2025

चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
11 यात्रियों की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।

राशिः-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करेंः-7354-411411

# लीज निरस्त करने के मामले में हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

निगम द्वारा लीज निरस्त करने के खिलाफ बस स्टैंड स्थित राजस्थान जलेबी के संचालक ने हाईकोर्ट में अपील की है। कोर्ट ने दोनों पक्षों से जवाब मांगा है। मामले की अगली सुनवाई 27 फरवरी को होगी। कोर्ट ने कहा है कि तब तक लीज निरस्त नहीं होगा।

ज्ञात हो कि कुछ दिन पहले निगम ने राजस्थान जलेबी का लीज निरस्त कर दिया था। निगम के आदेश में कहा गया था कि दुकान संचालक लगातार नियमों का उल्लंघन कर रहा है और रोड में सामान रखकर कारोबार कर रहा है। निगम ने इसकी जब्ती बनाते हुए पेनाल्टी भी लगाई है। निगम द्वारा निरस्त किए गए लीज आदेश के खिलाफ राजस्थान जलेबी के संचालक सीताराम माटोलिया ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। इसमें कहा गया कि निगम की अब तक की सारी कार्रवाई गलत और मनमाना है। दुकान के बाहर रखे गए डस्टबिन की जब्ती बनाई जा रही है। दुकान की भट्टी, कड़ाही को जब्त करते हुए पेनाल्टी लगाई जा रही है। राशि जमा करने के बाद भी सामान नहीं दिया जा रहा है। इसके साथ ही निगम ने जब इमलीपारा में दुकानों को तोड़ा तो कहा गया था कि व्यवस्थान के बाद ही दुकानें हटाई जाएंगी। बाद में निगम इससे मुकर गया और कहा गया कि काम्प्लेक्स बनने के बाद दुकानें दी जाएंगी। व्यापारियों और निगम के बीच हुए समझौते को भी नहीं माना जा रहा है।



### आर्य समाज के नाम पर चल रहे संस्थानों को नोटिस

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए आर्य समाज के नाम पर संचालित कुछ गैर-संबद्ध संस्थानों को नोटिस जारी किया है। यह नोटिस उन संस्थानों को जारी किया गया है जो बिना किसी संबद्धता के आर्य समाज के नाम का उपयोग कर रहे हैं और अवैध रूप से विवाह संपन्न करा रहे हैं। जारी किए गए नोटिस में 24 संस्थानों के नाम शामिल हैं।